राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 146, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 11 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-
नई दिल्ली से प्रकाशित
RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

मानवाधिकार दिवस पर शुद्ध हवा में सांस लेने के अधिकार की गारंटी दें केंद्र और राज्यों की .... पेज 03

डॉक्टर से मंगवा लीजिए इस्टीमेट, सरकार देगी इलाज का पैसा : सीएम .... पेज 05

हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर अकादमी का खिताब पंजाब के नाम .... पेज 07

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाया

### बसपा प्रमुख के छोटे भाई के बेटे हैं, अभी पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती (67) ने अपने भतीजे आकाश आनंद (27) को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। यानी मायावती के बाद पार्टी की कमान आकाश के हाथों में होगी। अभी यूपी और उत्तराखंड में पार्टी की जिम्मेदारी मायावती संभालेंगी, जबकि बाकी 26 राज्यों को आकाश देखेंगे। पार्टी की विरासत और राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए मायावती ने अपने भतीजे को आगे किया है। रविवार 10 दिसंबर को डेढ़ घंटे चली मीटिंग के बाद मायावती ने इस फैसले का ऐलान



किया। मीटिंग में पार्टी के 28 राज्यों के पदाधिकारी मौजूद थे।

आकाश, मायावती के सबसे छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं और फिलहाल पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर हैं। सार्वजनिक तौर पर मायावती के साथ आकाश पहली बार 2017 में सहारनपुर में नजर आए थे।

आकाश ने लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है।

आकाश की शादी बसपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ की बेटी डॉ. प्रज्ञा से इसी साल मार्च में हुई थी। आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गिनती मायावती के भरोसेमंद नेताओं में होती है।

रविवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में आकाश आनंद और मायावती एक ही गाड़ी में आए। मायावती ने हाल ही में चार राज्यों में हुए चुनाव की कमान भी आकाश को सौंपी थी। इसी से यह तय माना जा रहा था कि आकाश पार्टी में नंबर-2 हैं।

इसके अलावा मायावती राजनीतिक तौर पर खुद ज्यादा एक्टिव न होकर आकाश को ही अहम जिम्मेदारियां दे रही थीं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान ही यूपी में उन्होंने चुनिंदा रैलियां ही की थीं।

## कर्नाटक में कार खाई में गिरी, चार की मौत

चिक्कबल्लापुर। कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर कॉलेज के चार छात्रों की कार दुर्घटना में मौत हो गई जब उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना शनिवार रात उस समय हुई जब मृतक अपने कॉलेज के दो दोस्तों को विदा कराने के लिए बेंगलुरु से चिकबल्लापुर जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना तब हुई जब कार चला रहे छात्र ने तेज गति के कारण कार पर अपना नियंत्रण खो




दिया। पुलिस ने कहा कि तीन छात्रों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक अन्य छात्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है।

## छत्तीसगढ़ : सड़क हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित 5 की मौत

### एक ही चिता पर पति-पत्नी का दाह संस्कार, बारात लेकर लौट रही कार को ट्रक ने मारी टक्कर

जांजगीर-चांपा। जांजगीर में सड़क-हादसे में जान गंवाने वाले पांच लोगों का बलौदा गांव में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं दूल्हा-दुल्हन का एक ही चिता पर दाह संस्कार किया गया। दूल्हे के पिता ओमप्रकाश भाजपा बलौदा मंडल अध्यक्ष थे। बता दें रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी। सभी दुल्हन की विदाई कराकर बलौदा से लौट रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, बलौदा निवासी सोनी परिवार के बेटे शुभम सोनी की शादी शिवरीनारायण निवासी



नेहा से शनिवार रात को हुई। रविवार तड़के विदाई के बाद दूल्हा शुभम, दुल्हन नेहा, शुभम के पिता ओमप्रकाश सोनी (50), फूफा सरजू सोनी (66) और बुआ रेवती सोनी एक ही कार से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 5 बजे पकरिया जंगल में चंडी देवी मंदिर के पास ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया।

#### डॉक्टर ने कार सवार 5 लोगों को किया मृत घोषित

आमने-सामने ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने दुल्हन सहित 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर में उपचार के दौरान दूल्हे ने भी दम तोड़ दिया।

#### घटना के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर फरार

एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि शुभम सोनी की जांजगीर में नयनतारा नाम से ज्वेलरी की दुकान है। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद कार से धुआं निकलने लगा। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गई। दमकलकर्मियों ने कार में लगी आग पर काबू पाया।

## पलवल में बिजली करंट से जिंदा जले पति-पत्नी

पलवल। हरियाणा के पलवल में रविवार 10 दिसंबर को दर्दनाक हादसा हुआ। बिजली का हाइटेंशन तार टूट कर बाइक से जा रहे पति-पत्नी पर गिर गया। बिजली के करंट से दोनों जिंदा जल गए। आसपास के लोग भी दर्दनाक हादसे को देख कांप उठे। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार मृतक का ममेरा भाई भी बुरी तरह से झुलस गया। ये किसी काम से अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। पति पत्नी कई देर तक आग से जलते रहे। करंट के भय से लोग बचाव में कुछ नहीं कर पाए।

## यूपी के बरेली में आठ बाराती कार में जिंदा जले

### डिवाइडर तोड़ डंपर से टकराई; सेंट्रल लॉक की वजह से बाहर नहीं निकल पाए लोग

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में कार और डंपर की टक्कर में 8 बारातियों की कार में जलकर मौत हो गई। मृतकों में 7 युवक और एक बच्चा है। हादसा भोजीपुरा के पास नैनीताल हाईवे पर शनिवार देर रात हुआ। यहां तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में आ गई। इतने में सामने से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मारी।

डंपर भी तेज स्पीड में था। वह कार को 15 से 20 मीटर तक घसीटता ले गया। इसके बाद धमाका हुआ और कार और डंपर में आग लग गई। स्स्क्रघुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि कार सेंट्रली लॉक थी, इसलिए कोई भी कार सवार बाहर नहीं निकल पाया। सबकी अंदर जलकर मौत हो गई। बाद में कार को काटकर शवों को बाहर निकाला गया।

#### बरेली से बारात से लौट रहे थे सभी

बहेड़ी के जाम मोहल्ला निवासी उवैस की बारात शनिवार को बरेली के फहम लॉन आई थी। इसमें जाने के लिए वहीं रहने वाले रिश्तेदार फुरकान ने अर्टिगा कार बुक कराई थी। कार मालिक



सुमित गुप्ता है, जिसका ट्रैवल का काम है। फुरकान अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ बारात में शामिल होने के लिए पहुंचा। शादी अटेंड की। फिर रात में 11 बजे इन लोगों ने बारात से वापसी कर ली।

#### कार का टायर फटने से कार बेकाबू होने की आशंका

पुलिस के मुताबिक, बाराती कार से भोजीपुरा थाने से करीब 2 किमी दूर दभौरा गांव तक पहुंचे थे। तभी कार बेकाबू हो गई। डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लेन में आ गई। उस लेन में उत्तराखंड के किच्छा से रेत लेकर आ रहे डंपर से टकरा गई। डंपर की स्पीड में था, ऐसे में टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया।

पुलिस को आशंका है कि कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित हुई है। हालांकि, कार के जल जाने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। एक आशंका यह भी है कि ड्राइवर को झपकी आने की वजह से कार अनियंत्रित हो गई।

#### कार सवार ये 8 लोग जिंदा जले

1. इरफान पुत्र भूरे निवासी मितापुर
2. मोहम्मद आरिफ पुत्र मन्नी
3. शादाब पुत्र अब्दुल माजिद
4. आसिफ पुत्र शमीम
5. आलिम पुत्र जाहिद अली
6. अय्यूब पुत्र यूनिस
7. मुन्ने पुत्र इस्माइल
8. आसिफ पुत्र यूसुफ

## गिफ्ट सिटी को प्रौद्योगिकी सेवा का वैश्विक केन्द्र बनाना चाहते हैं : पीएम मोदी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आभासी माध्यम से शनिवार को कहा कि हम गिफ़्ट सिटी को उन्नत वैश्विक ऋृण एवं प्रौद्योगिकी सेवा का वैश्विक केन्द्र बनाना चाहते हैं। मोदी ने आज आभासी माध्यम से फ़िटनेक पर वैश्विक विचार के लिए लीडरशिप प्लेटफ़ॉर्म इनफ़िनिटी फ़ोरम के द्वितीय एडिशन को संबोधित किया। द्वितीय इनफ़िनिटी फ़ोरम का आयोजन इंटरनेशनल फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर्स ऑफ़ ऑथोरिटी (आईएफ़एससीए) तथा भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में गांधीनगर स्थित गिफ़्ट सिटी में किया गया। यह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का प्री-इवेंट सम्मेलन था। इस इनफ़िनिटी फ़ोरम का विषय 'गिफ़्ट-आईएफ़एससी- उन्नत वैश्विक ऋृण सेवाओं के लिए मुख्य केन्द्र' था। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिसंबर 2021 में इनफ़िनिटी फ़ोरम के प्रथम एडिशन के आयोजन के दौरान महामारी के कारण वैश्विक आर्थिक स्थिति की अनिश्चितता का सामना करने वाली दुनिया को याद किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अभी भी इस चिंताजनक स्थिति का पूरी तरह समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने भू-राजनीतिक तनावों, ऊँची महंगाई एवं ऋृण के ऊँचे स्तर की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए मज़बूती तथा प्रगति के प्रतीक के रूप में भारत के विकास की बात कही।

**छापेमारी**



रांची में ओडिशा स्थित डिस्टिलरी और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी के पांचवें दिन अधिकारी नकदी की गिनती करते हुए।

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री किया मनोनीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री मनोनीत करते हुए उन्हे शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया है। राज्यपाल हरिचंदन से इससे पूर्व आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा के अध्यक्ष अरूण साव ने पार्टी नेताओं के साथ मिलकर भाजपा के नव निर्वाचित विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से श्री साय को प्रदेश विधायक दल का नेता चुने जाने सम्बन्धी पत्र सौंपा और नई



सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया। हरिचंदन ने श्रीसाय को नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संविधान की धारा 164 के तहत श्री साय को मुख्यमंत्री नियुक्त करने संबंधित पत्र प्रदान किया और केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,सर्वानंद सोनोवाल, मनसुख मांडविया, भाजपा के राज्य प्रभारी ओम माथुर सहित नवनिर्वाचित विधायक, पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बंगाल में कार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत,30 घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार रात एक पिकअप वैन, जिसमें लोग श्मशान घाट से वापस घर लौट रहे थे, को माल से लदे एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी। घायलों को रघुनाथगंज के जंगीपुर महकमा अस्पताल में भर्ती किया गया। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। उनमें से चार को बहरामपुर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। मृतक और घायल सभी राज्य के बीरभूम जिले के नलहाटी के निवासी हैं।

## गोगामेड़ी हत्याकांड के 3 आरोपी गिरफ्तार, इनमें दो शूटर

### दिल्ली-राजस्थान पुलिस ने चंडीगढ़ से हिरासत में लिया; अब तक 4 आरोपी पकड़े गए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के तीन अन्य आरोपियों को शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। ये चंडीगढ़ सेक्टर 22 में शराब ठेके के ऊपर बने कमरे में छिपे थे। गिरफ्तार किए गए दो आरोपी- रोहित राठौड़ और नितिन फौजी, हत्या के मुख्य गुनहगार हैं। तीसरे आरोपी की पहचान उधम के तौर पर हुई है।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को राजस्थान पुलिस के साथ ज्वॉइंट ऑपरेशन में यह कामयाबी मिली है। तीनों आरोपियों को दिल्ली क्राइम ब्रांच के ऑफिस लाया गया, जहां से पुलिस



इन्हें लेकर जयपुर निकल गई है। इससे पहले शनिवार को जयपुर पुलिस ने शूटर्स की मदद करने वाले रामवीर को गिरफ्तार किया था। ये शूटर नितिन फौजी का दोस्त है।

#### रोहित ने ली थी गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी

शनिवार रात गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों में से एक रोहित राठौड़ (रोहित गोदारा) गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई की गैंग का गुर्गा है। उसने गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस ने उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

गोदारा 2022 में फर्जी नाम से पासपोर्ट बनवाकर देश से बाहर भाग गया था। वह विदेश जाने से पहले बीकानेर के लूणकरणसर में कपूरियासर में रहता था। चूरू के सरदारशहर में 2019 में भींवराज सारण की हत्या के मामले में भी मुख्य आरोपी था। गैंगस्टर राजू ठेहट के मर्डर की भी गोदारा ने जिम्मेदारी ली थी।

5 दिसंबर को दिनदहाड़े 2 बदमाशों ने गोगामेड़ी पर गोलियां चलाईं, फिर भाग निकले थे। गोगामेड़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान मौजूद गार्ड अजीत सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बदमाशों की फायरिंग में नवीन शेखावत की भी मौत हो गई थी।

**एसिड अटैक**

### एनसीआरबी ने कहा- 6 महिलाएं शिकार हुईं; दिल्ली दूसरे नंबर पर

## 2022 में बेंगलुरु में महिलाओं पर सबसे ज्यादा एसिड अटैक

नई दिल्ली। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की तरफ से जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, देश में पिछले साल सबसे ज्यादा एसिड हमलों की शिकार बेंगलुरु की महिलाएं हुईं।

2022 में बेंगलुरु में सबसे ज्यादा 6 एसिड अटैक हुए। जिसमें से पुलिस ने छह मामले दर्ज किए। इस लिस्ट में दूसरा नाम दिल्ली का है। जहां पांच महिलाएं इसका शिकार हुईं।

आंकड़ों के मुताबिक, एनसीआरबी ने करीब 19 बड़े शहरों की लिस्ट जारी की है।

बेंगलुरु, दिल्ली के बाद तीसरे नंबर पर अहमदाबाद रहा, जहां ऐसे पांच मामले दर्ज किए गए।



#### दिल्ली में 7 बार हमले का प्रयास

एनसीआरबी डेटा से पता चला है कि दिल्ली में पिछले साल सबसे ज्यादा 7 बार एसिड हमले का प्रयास भी किया गया था। इसके बाद बेंगलुरु में पिछले साल ऐसे 3 मामले दर्ज किए गए। इस बीच, हैदराबाद और अहमदाबाद में 2022 में हमले के प्रयास के दो-दो ऐसे मामले दर्ज किए।

#### दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर

एनसीआरबी ने 2022 की रिपोर्ट में यह भी बताया है कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। यहां 2022 में एक दिन में 3 रेप केस दर्ज किए गए। एनसीआरबी की 546 पेज की रिपोर्ट में बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 एफआईआर हुईं।

2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 2022 में 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए यानी हर दिन 78 हत्याएं हुईं।

#### महिला अपराधों में यूपी टॉप पर

एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर (प्रति 1 लाख जनसंख्या पर घटनाओं की संख्या) 2021 में 64.5 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 66 प्रतिशत हो गई है। इसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48 हजार 755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 (43 हजार 414 केस) की तुलना में 12.3 प्रतिशत ज्यादा हैं। 2022 में महिला अपराध में 65 हजार 743 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45331 केस) और राजस्थान (45058 केस) पश्चिम बंगाल (34738 केस) और मध्य प्रदेश (32765 केस) का नंबर हैं।

## 11 साल की बेटी को मारकर मां-बाप ने सुसाइड किया

### केरल से कर्नाटक पहुंचे; मरने के लिए रिसॉर्ट चुना, नोट में लिखा- पैसों की तंगी है

तिरुवनंतपुरम। केरल का एक दंपती अपनी 11 साल की बेटी के साथ कर्नाटक के कोडागु पहुंचा। जहां इन लोगों ने मडिकेरी के पास कग्गोडलू गांव में एक रिसॉर्ट में स्टे किया।

इस बीच पति-पत्नी ने पहले बेटी की हत्या की, फिर खुद फांसी लगा ली। पुलिस को लाशों के पास एक नोट मिला, जिसमें लिखा था कि वे पैसों की तंगी के चलते यह कदम उठा रहे हैं। मरने वाले दंपती की पहचान विनोद बाबुसेनन (43) और जूबी अब्राहम (38) के रूप में हुई है। 11 साल की बेटी का नाम जोहान था। जांच के लिए पुलिस इनके रिश्तेदारों का इंतजार कर रही है।

#### अपनी गाड़ी से पहुंची थी विनोद की फैमिली

विनोद अपनी पत्नी और बेटी के साथ शुक्रवार (8 दिसंबर) की शाम 6 बजे अपनी गाड़ी से रिसॉर्ट पहुंचे। एक रिसॉर्ट में चेक इन किया। कुछ देर रेस्ट करने के बाद तीनों बाहर गए। और रात को डिनर के लिए लौट आए। कर्मचारियों से कहा कि सुबह 10 बजे चेकआउट करेंगे। शनिवार को जब वे नहीं आए तो स्टाफ ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया। मैनेजर आंनद ने बताया कि आधे घंटे बाद दोबारा स्टाफ उन्हें बुलाने पहुंचा। जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को बुलाया। खिड़की से देखने पर दंपती के शव लटके हुए नजर आए। बाद में पुलिस ने केस दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि उनके रिश्तेदारों और परिवार को खबर की गई है। साथ ही यह पता चला है कि यह दंपती कोल्लम में बिजनेस करता था।

## शार्ट न्यूज

### ममता पूर्वी परिषद की बैठक में नहीं हुई शामिल

कोलकाता/ पटना। (पीएमए) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रविवार को पटना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल नहीं हुईं। इसके बजाय, पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व वित्त विभाग की प्रभारी राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य करेंगी। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने रविवार की सुबह पटना के लिए उड़ान भरी। शनिवार को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि उन्होंने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल सरकार के बकाया राशि पर चर्चा के लिए 18 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए समय मांगा है।रविवार सुबह पटना रवाना होने से पहले, चंद्रिमा भट्टाचार्य ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से कहा कि चर्चा सिंचाई और स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दों पर होगी।हालांकि, उन्होंने कैश फ़ॉर क्वेरी मामले पर लोक सभा में कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित महुआ मोइत्रा का समर्थन करने के लिए सांसद दानिश अली को निलंबित करने के बसपा के फैसले पर मीडिया के सवालों का कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

### 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात 22 जनवरी को जन्मस्थान पर बने मंदिर में लौट रहे हैं श्रीराम

नई दिल्ली। (पीएमए) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के मंदिर में होने जा रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र करते हुए कहा है कि 14 वर्षों के वनवास के पश्चात पहले राजमहल में और अब 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात 22 जनवरी को जन्मस्थान पर बने भव्य मंदिर में और फिर जन-जन में भगवान श्रीराम लौटेंगे। दत्तात्रेय होसबाले ने श्रीराम मंदिर के निर्माण की ऐतिहासिक व गौरवपूर्ण यात्रा को रेखांकित करती पुस्तक 'राम फिर लौटे' का नई दिल्ली में लोकार्पण करते हुए कहा कि राम शुभ हैं, राम मंगल हैं, राम प्रेरणा हैं, विश्वास हैं। वे धर्म की मूर्ति नहीं विग्रह हैं, स्वयं धर्म हैं। जीवन का मर्म हैं, आदि और अंत हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात पहले राजमहल में और अब 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात 22 जनवरी को जन्मस्थान पर बने भव्य मंदिर में लौट रहे हैं। इसके बाद श्रीराम जन-मन के हृदय मंदिर में लौटेंगे। राम मंदिर आंदोलन राष्ट्रीय एकात्मता के लिए आंदोलन था और राम मंदिर एक और मंदिर या पर्यटन का केंद्र भर नहीं है अपितु, यह तो तीर्थाटन का स्तंभ है।

### धोखाधड़ी मामले में एबीपीएल के निदेशक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

जम्मू। जम्मू अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने तीन करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में प्राइवेट लिमिटेड (एबीपीएल) कंपनी अरमाडा बाजार के निदेशक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अपराध शाखा के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी - शिवालय अपार्टमेंट, सोला रोड नारणपुरा अहमदाबाद, गुजरात के परसुराम राजनेतभाई पाल के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में आपराधिक साजिश रचने और शिकायतकर्ताओं से तीन करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए न्यायिक निर्धारण के लिए अदालत में आरोप पत्र पेश किया गया है। किराना और दैनिक उपयोग की वस्तुओं वाले अधिकृत उत्पादों और सेवाओं के व्यवसाय में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी - अरमाडा बाजार में रिफंडेबल राशि का निवेश करके उन्हें भागीदार बनने के बहाने फुसलाया। यह मामला जम्मू के त्रिकुटा नगर के सन्ना गंडोगरा और जम्मू के ही पलौरा के संजय कुमार गुप्ता द्वारा दायर एक लिखित शिकायत से उत्पन्न हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने खुद को अरमाडा बाजार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मूक भागीदार/निदेशक बताकर उनसे संपर्क किया था।

### पशुआं को मुंहपका बीमारी से बचाने को बड़े स्तर पर टीकाकरण मुहिम

चंडीगढ़। पंजाब में मुंहपका की बीमारी (एफ.एम.डी.) को रोकने के लिए, पंजाब के पशु पालन विभाग की ओर से बड़े स्तर पर पशुओं के टीकाकरण की मुहिम शुरु की गई है। पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मछली पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 68,45,300 एफ.एम.डी. वैक्सीन की डोज प्राप्त की गई हैं। खुड्डियां ने बताया कि इस मुहिम के अंतर्गत अब तक लगभग 75 फ़ीसदी पशुओं को कवर करते हुए कुल 48,73,277 एफ.एम.डी. वैक्सीन की डोज़ लगाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 20 दिसंबर, 2023 तक 100 फ़ीसदी पशुधन ( लगभग 65,03,505) का टीकाकरण मुकम्मल किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह टीकाकरण बिल्कुल मुफ़्त किया जा रहा है और यह टीकाकरण पंजाब के पशु पालन विभाग के स्टाफ द्वारा पशु पालकों/डेयरी किसानों के घर-घर जाकर किया जा रहा है।

### शिमला से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शहरी चरण का हुआ प्रारंभ

शिमला। हिमाचल प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शहरी चरण शनिवार नौ दिसंबर से राजधानी शिमला से प्रारंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के प्रांगण से हुआ। मुख्य अतिथि, शिमला नगर निगम के आयुक्त भूपेन्द्र अत्री ने यात्रा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो ने भाग लिया। विकसित भारत यात्रा के वाहन में लगे विशाल एल ई डी स्क्रीन पर ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक फ़िल्मों के ज़रिए केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जानकारी दी गई । कार्यक्रम स्थल पर ही विभिन्न विभागों ने जनकल्याण शिविर लगाये गये थे । शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की स्वास्थ्य जाँच कि गई , उनके आयुष्मान एवं आधार कार्ड संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया और लोगों को उज्ज्वला योजना का भी लाभ दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अगले लाभार्थियों का भी पंजीकरण किया गया। स्थानीय लोग केंद्र की सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ अपने द्वार पर ही पाकर बेहद खुश थे।

### सुक्खू आउटलुक बिजनेस मैगजीन के 'चेंजमेकर्स आफ द ईयर-2023' में शामिल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आउटलुक बिजनेस पत्रिका की प्रतिष्ठित 'चेंजमेकर्स आफ द ईयर-2023' की सूची में स्थान अर्जित किया है। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान मुख्यमंत्री को उनके असाधारण नेतृत्व और उल्लेखनीय योगदान विशेषकर इस वर्ष मानसून के दौरान भीषण आपदा को प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का संकट से निपटने का सराहनीय नेतृत्व उन्हें इस विशिष्ट सूची में शामिल होने वाले देश के एकमात्र मुख्यमंत्री के रूप में दर्शाता है। प्रदेश के विकास के प्रति गतिशील दृष्टिकोण और जन कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण उन्हें यह उल्लेखनीय पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सुक्खू को कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, विराट कोहली और नीरज चोपड़ा जैसी प्रभावशाली हस्तियों के समान सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में उनके प्रभावशाली योगदान को रेखांकित करता है।

### सोमवार को सिक्किम आएंगे दलाई लामा

गंगटोक। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा सिक्किम सरकार के निमंत्रण पर राज्य की दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को यहां पहुंचेंगे। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि दलाई लामा मंगलवार सुबह यहां पालजोर स्टेडियम में ग्यालसी थोकमे सांगपो के बोधिसत्व की 37 प्रथाओं पर बोलेंगे। सिक्किम के सूचना एवं जनसंपर्क सचिव कर्मा डी यूत्सो ने संवाददाताओं को बताया कि दलाई लामा सोमवार सुबह यहां पहुंचेंगे और मंगलवार सुबह अपना प्रवचन देंगे। दलाई लामा मंगलवार को अपराह्न में मुख्यमंत्री पी.एस. तमांग द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि उपदेश के दिन लोगों को सुबह तीन बजे से सुबह सात बजे तक स्टेडियम में प्रवेश करने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को इसी अवधि के दौरान पहुंचकर अपनी सीट पर बैठ जाना चाहिए, क्योंकि इसके बाद द्वार बंद कर दिए जाएंगे।

# इस साल 67 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

## प्राधिकरण को मिलेगा 3456 करोड़ का राजस्व, 4 लाख वर्गमीटर से ज्यादा जमीन की आंवटित



**गौतमबुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर में इस साल 67 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए कंपनियां धरातल पर उतर चुकी है। इन कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में भूमि आवंटन किया गया था। इस दौरान प्राधिकरण की सभी श्रेणियों में कुल 4 लाख 82 हजार 801 वर्गमीटर जमीन 414 कंपनियों को आवंटित की गई। इससे प्राधिकरण को कुल 3456 करोड़ का राजस्व और 20783 करोड़ का निवेश होगा।

### श्रेणी बार समझते है कितनी कंपनियों को प्राधिकरण ने दी जमीन

औद्योगिक क्षेत्र में 59 कंपनियों को 2 लाख 21 हजार 898.37 वर्गमीटर जमीन का आवंटन किया गया। इससे प्राधिकरण को 570 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा।
वहीं 3500 करोड़ रुपए का निवेश होगा। लगभग 17 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।
इसी तरह संस्थागत में 8 आवंटन 26 हजार वर्गमीटर जमीन पर किए गए। इससे 130 करोड़ का राजस्व और 283 करोड़ का निवेश के साथ 2172 लोगों को रोजगार मिलेगा।
वहीं ग्रुप हाउसिंग के लिए 4 कंपनियों को 77 हजार वर्गमीटर जमीन अलॉट की गई। इससे 635 करोड़ का राजस्व और 3600 करोड़ का अनुमानित निवेश होगा।
करीब 2950 लोगों को रोजगार मिलेगा। कॉमर्शियल में सर्वाधिक 45 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 49 कंपनियों को 95764 वर्गमीटर जमीन अलॉट की गई है। जिससे 1495 करोड़ का राजस्व और 13400 करोड ? रुपए का निवेश होगा।

### इन कंपनियों ने धरातल पर उतारी इकाइयां

सेक्टर-16बी मैक्स वेंचर्स निवेश 650 करोड़ 1500 लोगों को रोजगार
सेक्टर-142 सागर टेक्नोलॉजी 150 करोड का निवेश 1000 लोगों को रोजगार
सेक्टर-142 सीटीए साफ्टटेक 400 करोड़ का निवेश 500 लोगों को रोजगार
सेक्टर-155,156 दो प्लाट सुरभी सेटकॉम 300 करोड़ का निवेश 2 हजार लोगों को रोजगार
सेक्टर-155 एफलेटस ग्राफिक 93.7 करोड़ 450 लोगों को रोजगार
सेक्टर-142 लॉजिक्स मीडिया 125 करोड़ का निवेश 300 लोगों को रोजगार
सेक्टर-67 ओएसी 1000 करोड़ का निवेश 4000 लोगों को रोजगार
सेक्टर-156 मदर्सन 400 करोड़ का निवेश 450 रोजगार

### फंक्शनल सर्टिफिकेट के लिए करेंगे अप्लाई

इनमें से अधिकांश का निर्माण पूरा हो चुका है या अंतिम चरण में है। इकाई शुरू करते ही कंपनियां प्राधिकरण में फंक्शनल सर्टिफिकेट के अप्लाई करेंगी। इसके साथ ही इन कंपनियों में करीब 67 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

# रेलवे के सेक्शन इंजीनियर मंटू कुमार को सीबीआई ने किया गिरफ्तार



**पटना।** (पीएमए) करोड़ों की मशीन का भुगतान करने के लिये घूस के चक्कर में पड़ना पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेलवे यांत्रिक कारखाना के सीनियर सेक्शन इंजीनियर मंटू कुमार को भारी पड़ गया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से सीबीआई को शिकायत पहुंची और फिर घूस लेने के आरोप में सीबीआई की टीम ने शनिवार यानी 9 दिसंबर की संध्या में ट्रैप कर लिया। इसके बाद सीबीआई की टीम उसे अपने साथ राजधानी पटना ले गयी। सीनियर सेक्शन इंजीनियर मंटू कुमार पर भ्रष्टाचार का आरोप है। सीबीआई की इस कार्रवाई के बाद रेलवे अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

समस्तीपुर रेलवे यांत्रिक कारखाना में ग्वालियर की एक कंपनी ने वैगन निर्माण से संबंधित एक बोल्ट मशीन को 6 माह पूर्व इंस्टॉल किया था। करोड़ों की इस मशीन का बिल लंबे समय से रेलवे यांत्रिक कारखाना में लंबित चल रहा था। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, ग्वालियर की कंपनी ने घूस मांगे जाने की शिकायत सीबीआई से कर दी थी। कंपनी ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर मंटू कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। ग्वालियर की कंपनी से मिली शिकायत के आधार पर सीबीआई की टीम शनिवार शाम समस्तीपुर रेलवे यांत्रिक कारखाना पहुंची थी। जहां से सीनियर सेक्शन इंजीनियर मंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि उसके पास से घूस की राशि भी बरामद की गयी है। हालांकि, कितनी राशि बरामद हुयी है और यह कंपनी से कितने रुपये की मांग कर रहा था इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुयी है।

कारखाना के अधिकारी का कहना है कि सीबीआई की टीम शाम में अचानक पहुंची और मंटू कुमार को अपने साथ ले गयी।

# राजस्थान में सीएम चेहरे को लेकर अभी इंतजार

## मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में तारीख तय

जयपुर। (पीएमए) भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में तो विधायक दल की बैठक तय कर दी है। राजस्थान में बैठक अभी तक तय नहीं हो पा रही है। आलाकमान ने तीन केन्द्रीय पर्यवेक्षक राजस्थान के लिए तय किए हैं

लेकिन सबसे वरिष्ठ पर्यवेक्षक केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम तय नहीं हो पा रहा है। पहले संभावना थी कि विधायक दल की बैठक रविवार को हो सकती है, लेकिन अब यह बैठक सोमवार या मंगलवार पर टलती नजर आ रही है। भाजपा विधायक जयपुर से लेकर दिल्ली तक डेरा डाले बैठे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी दिल्ली में ही मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार उनकी एक दिन पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ भी मुलाकात हुई है।

### गुटबाजी के कारण तो देरी नहीं ?

भाजपा ने राजनाथ सिंह के नेतृत्व में तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इसमें राजनाथ सिंह के अलावा विनोद तावड़े और सरोज पांडेय शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राजनाथ सिंह के पहले से ही कुछ कार्यक्रम तय हैं। इस वजह से बैठक में समय लग रहा है। सूत्रों का कहना है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर पेच फंसा हुआ है। पार्टी इसी पेच को निकाल कर विधायक दल की बैठक करना चाहती है, जिससे एक नाम पर सहमति मिल सके और किसी तरह के विरोध के स्वर न उठे।



### बालकनाथ ने दी सफाई

सीएम फेस तय करने की जद्दोजहद के बीच दिल्ली में शीर्ष नेताओं से मुलाकात से सुर्खियों में आए तिजारा विधायक महंत बालकनाथ ने सोशल मीडिया पर बयान पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि पार्टी व प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनता जनार्दन ने पहली बार सांसद व विधायक बनाकर राष्ट्रसेवा का अवसर दिया।

### हिमाचल की पहली सोशल मीडिया मीट, इन्फ्लुएंसर से संवाद करेंगी कंगना

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश की पहली सोशल मीडिया मीट-2023 का आयोजन 12 दिसंबर को किया जाएगा। इस राज्यस्तरीय मीट के दौरान बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से संवाद करेंगी। यह जानकारी विश्व संवाद केंद्र पदाधिकारियों द्वारा एक प्रेसवार्ता के दौरान दी गई। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय सोशल मीडिया मीट के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, हिमाचल प्रांत कार्यवाहक डॉ. किस्मत कुमार व फ़िल्म अभिनेत्री कंगना रणौत मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगी। वहीं अब तक 300 लोगों ने इस मीट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मीट का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सोशल मीडिया के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के साथ ही विशेष कार्य कर रहे युवाओं को एक मंच के माध्यम से एकत्रित कर राष्ट्र, समाज और प्रदेश के लिए सार्थक संवाद पर बल देना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सोशल मीडिया मीट-2023 प्रदेश का पहला ऐसा मंच होगा जिसके जरिये प्रभावकों को परस्पर जानकारी साझा करने और संगठित होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने में मदद मिलेगी।

# ग्रेटर नोएडा में 6 बिल्डर-सोसाइटियों पर 30 लाख का जुर्माना लगा

## एसटीपी न चलाने और बिना शोधित सीवरेज को नाले में बहाने पर हुई कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** सोसाइटी में लगे एसटीपी को न चलाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 6 बिल्डर सोसाइटियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन 6 बिल्डर सोसाइटियों पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण ने जुर्माने की रकम एक सप्ताह में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। जुर्माने की रकम जमा न कराने और गलती दोहराने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल और सीवर विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने अपनी टीम के साथ विगत दिनों ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिल्डर सोसाइटियों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान 6 सोसाइटियों में खामी मिली। ये सोसाइटियां सीवरेज को शोधित करने के लिए एसटीपी का संचालन मानकों के अनुरूप नहीं कर रही थीं। साथ ही सीवरेज को शोधित किए बिना ही ड्रेनेज सिस्टम में डाल रहीं थीं, जबकि इस शोधित पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग करने का प्रावधान है।



औचक निरीक्षण के दौरान ये खामियां मिलने पर प्राधिकरण की टीम ने 6 बिल्डर सोसाइटियों पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। प्रत्येक सोसाइटियों पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### इन पर लगा जुर्माना

जिन बिल्डर सोसाइटियों पर जुर्माना लगाया गया है, उनमें अजय इंटरप्राइजेस का सेक्टर 2 स्थित प्रोजेक्ट इरोज संपूर्णम, राजेश इंफ्राटेक का सेक्टर-एक स्थित प्रोजेक्ट राजेश रेजिडेंसी, क्रिस्ट प्रमोटर्स का सेक्टर-1 स्थित ऐस सिटी सोसाइटी, पंचशील बिल्डर का सेक्टर एक स्थित प्रोजेक्ट पंचशील हाईनेस सोसाइटी, स्टेलर कांसलेशन का सेक्टर- एक स्थित स्टेलर जीवन सोसायटी और सेक्टर एक स्थित देविका गोल्ड होम प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### शोधित पानी का इस्तेमाल सिंचाई कार्य में करें

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की तरफ से इस तरह का औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा। जिन सोसाइटियों में एसटीपी चलता नहीं पाया गया,अथवा वह सीवरेज को शोधित किए बिना ही ड्रेनेज में डालते पाई गईं तो उनके विरुद्ध और कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सोसाइटियों से एसटीपी से शोधित पानी का इस्तेमाल सिंचाई कार्यों में करने की अपील की है।

# भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेता संपर्क में : कुमारस्वामी

हासन। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को संकेत दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिर सकती है तथा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पहले ही इस संबंध में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कर चुके हैं।

कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक शीर्ष कांग्रेसी नेता केंद्र के नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव के बाद उनमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है।

उन्होंने छह महीने की राहत मांगी है जिससे वह 50 से 60 विधायकों को अपने साथ ला सकें। उन्होंने हालांकि नेता के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि कुछ भी हो सकता है जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में जो हुआ वह कर्नाटक में भी हो सकता है। कोई भी पार्टी के प्रति ईमानदार या प्रतिबद्ध नहीं है। सब अपना व्यक्तिगत लाभ देखते हैं।



राजनीति में हमेशा ऐसा होता रहा है। कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच टकराव की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैसे तो कांग्रेस 135 सीटें होने का दावा कर सकती है, लेकिन लोग कर्नाटक कांग्रेस की स्थिति को जानते हैं।

सिद्दारमैया पर हमला जारी रखते हुए श्री कुमारस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री जाति सर्वेक्षण की आड़ में जाति के आधार पर समाज में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपये करने के श्री सिद्दारमैया के इरादे पर जेडीएस नेता ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों को धन दिए जाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने पूछा कि क्या यह हिंदुओं को भी नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से अधिकांश दलित और गरीब हैं।

### वेदांता की पिंक सिटी में होने वाली रन फोर जीरो हंगर के लिये लगाई दौड

उदयपुर । वेदांता समूह के समुदाय हित में पिंकी सिटी जयपुर में आगामी 17 दिसम्बर को होने वाली रन फोर जीरो हंगर में सहयोग देने के लिए आज झीलों की नगरी उदयपुर में दौड आयोजित की गई। जिंक परिवार और मेवाडी रनर्स क्लब के सदस्यों ने हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यालय यशद भवन से शुरू हुई यह दौड ऐतिहासिक फतहसागर झील, रानी रोड होते हुये पुन: यशद भवन पहुंचकर खत्म हुई। इस दौर में 200 से अधिक लोगो ने भागीदारी करते हुए 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर दौड में हिस्सा लिया। वेदांता समूह की कंपनी और भारत में जस्ता, सीसा और चांदी का सबसे बड़ा और एकमात्र एकीकृत उत्पादक हिंदुस्तान जिंक द्वारा आयोजित यह दौड वेदांता के रन फोर जीरो हंगर के सहयोग में की गयी।

# बदमाशों ने दो कारों को आग लगाकर किया नष्ट

एजेंसी

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर संभाग में सवाईमाधोपुर के मलारना डूंगर में आयोजित अपने परिवार के विवाह समारोह में शरीक होने के लिए कोटा से आये लोगो की दो लग्जरी कारों में बदमाशों द्वारा आग लगा कर फूंक डालने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत देर रात करीब 2.30 बजे इस आगजनी की वारदात में क्रेटा और ब्रिजा कार जलकर नष्ट हो गई। हालांकि दोनों कारो में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए लोगो ने ट्यूबवेल से मोटर चला कर आग को बुझाने के काफी प्रयास भी किये लेकिन दोनों गाड़िया इस बीच जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर जाब्ते के साथ पुलिस एवं सवाई माधोपुर से एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच हालात का जायजा लेकर साक्ष्य जुटाए है। बताया गया कि मोहम्मद अकरम एवं मोहम्मद अमान खान निवासी संजय नगर कोटा अपने परिवार के साथ मलारना डूंगर शादी समारोह में आए हुए थे। उन्होंने मलारना डूंगर में स्थित अपने मकान के बाहर अपनी क्रेटा और ब्रिजा कार दोनों को खड़ा किया था।

पुलिस आरोपियों की पहचान को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# कुत्ते के बच्चे की क्रूरतापूर्वक हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गुना/भोपाल।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा निर्मम तरीके से की गयी कुत्ते के बच्चे की हत्या के मामले में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक्स पर किए गए पोस्ट के बाद हरकत में आयी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली थाना क्षेत्र में कल सुबह एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते के बच्चे को जमीन पर पटका और बाद में पैर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। यह पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गया। घटना के कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। मुख्यमंत्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि गुना जिले से सामने आई पशुक्रूरता की घटना हृदय विदारक है। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। बर्बरता के ऐसे सभी कृत्य अक्षम्-?य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री मीडिया को बताया कि घटना को अंजाम देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नेता चुनने के लिए भाजपा विधायक दल की बैठक आज

भोपाल। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को यहां होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा।

भाजपा की प्रदेश इकाई के अनुसार दिन में चार बजे प्रारंभ होने वाली बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक में मौजूदा मुख्यमंत्री एवं बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन के जिम्मेदार नेता भी मौजूद रहेंगे।



इस बीच नए मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना जिले के दिमनी से नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी लिया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं इंदौर एक विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कैलाश विजयर्गीय को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने की संभावना है। नरसिंहपुर विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की दावेदारी भी सामने आयी है। बैठक में पूर्व सांसद एवं सीधी से विधायक श्रीमती रीति पाठक, जबलपुर पश्चिम सीट से विधायक राकेश सिंह और गाडरवारा विधायक राव उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे, जो हाल में लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर आए हैं।

राज्य में ऐतिहासिक बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने कुल 230 सीटों में से 163 सीट पर विजय हासिल की है। सोमवार को विधायक दल का नेता चुने जाने के साथ ही राज्य की नयी सरकार के गठन को लेकर भी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। सरकार के गठन के दौरान वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 29 सीटों पर पार्टी की जीत के लक्ष्य को ध्यान में रखा जाएगा। इसके लिए जातिगत, राजनैतिक, क्षेत्रीय और अन्य समीकरणों को भी साधने की पूरी संभावना है।

नई दिल्ली
सोमवार 11 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### पत्रकार सौम्या विश्वनाथन के पिता का निधन

**नई दिल्ली।** टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन के पिता एमके विश्वनाथन का शनिवार को निधन हो गया। सौम्या विश्वनाथन की सितंबर 2008 की रात को अपने काम से लौटते समय राष्ट्रीय राजधानी में हत्या कर दी गई थी। बेटी सौम्या के हत्यारों को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के दो हफ्ते बाद ही पिता का निधन हो गया। 82 वर्षीय एमके विश्वनाथन की उनकी बेटी के 41वें जन्मदिन के ठीक एक दिन बाद निधन हो गया। सौम्या के हत्यारों को 25 नवंबर को दोषी ठहराया गया और उम्रकैद की सजा सुनाई गई, कोर्ट ने चार दोषियों – रवि, अमित, बलजीत और अजय को 18 अक्टूबर को दोषी पाया गया था। पांचवें दोषी, अजय सेठी को उनकी मदद करने के लिए तीन साल की जेल हुई। 18 अक्टूबर को अदालत ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को धारा 302, और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत संगठित अपराध करने के लिए दोषी ठहराया था। वहीं, मामले में पांचवें आरोपी अजय सेठी को धारा 411 और मकोका प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को बढ़ावा देने, सहायता करने या जानबूझकर मदद करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया गया था।

### मेरठ से चुराकर गाजियाबाद ले गए ट्रैक्टर

मेरठ। शातिर चोरों ने मेरठ से ट्रैक्टर की चोरी की। इसके बाद उसे 60 किमी दूर गाजियाबाद लेकर गए और 10 फुट जमीन के अंदर मिट्टी में दबा दिया। ट्रैक्टर खोजते हुए पुलिस मौके तक पहुंची और जेसीबी से मिट्टी हटवाकर ट्रैक्टर को बरामद किया है। तीन आरोपियों को अरेस्ट भी किया है। मेरठ मुंडाली थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने मिलकर गाजियाबाद से मिट्टी में दबा हुआ ट्रैक्टर बरामद किया है। दरअसल मुंडाली थाना मुरलीपुर फूल के रहने वाले रिंकू ने 3 दिसंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। रिंकू पुत्र राकेश ने बताया कि उसका महेंद्रा ट्रैक्टर 585 डीआई नंबर यूपी15डीएम 7205 चोरी हो गया। रात में कोई अज्ञात चोर ट्रैक्टर ले गए हैं। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। किठौर सीओ के निर्देशन में ट्रैक्टर की तलाश शुरू हुई। पुलिस ने इलाके के आसपास के सीसीटीवी चेक किए तो उसमें ट्रैक्टर चोरी होता नजर आया। इसके आधार पर पुलिस ने 3 आरोपियों प्रतीक, तरुण और सूरज को मेरठ से अरेस्ट किया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी मेरठ के रहने वाले अजय और संभल निवासी अरुण के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी किया था। चोरी के बाद ट्रैक्टर को कहां छिपाएं इसलिए हमने ट्रैक्टर को एसटीपी वाटर प्लान्ट शान्ति नगर गाजियाबाद के पास मिट्टी मे दबा दिया।

### गाजियाबाद में दो बहनों को बंधक बनाकर लूट

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पांच बदमाशों ने एक घर में घुसकर लूट को अंजाम दिया। घर में उस समय दो सगी बहनें मौजूद थीं। बदमाशों ने दोनों बहनों को हथियार के दम पर बंधक बना दिया और घर में रखे नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी के न्यू राजधानी एंक्लेव में रहने वाले मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि उनकी दो बहनें घर पर मौजूद थीं। शनिवार की शाम करीब 5 बजे एक आदमी ने बहला फुसला कर उनसे गेट खुलवाया। उसके बाद चार और लोग अंदर आ गए। उन सभी के पास हथियार थे। जिससे हथियारबंद बदमाशों ने उनकी बहनों को बंधक बना लिया। घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। मनीष के मुताबिक घर में करीब डेढ़ लाख रुपए रखे हुए थे। साथ में जेवरात भी बदमाश लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने इस पूरी वारदात को 10 मिनट के अंदर अंजाम दिया। इस मामले में एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि सबसे पहले घर पर एक शख्स आया था। जिसने सामने वाले प्लॉट के बारे में जानकारी करनी चाही। जिससे बात करने के लिए मानसी नाम की लड़की ने गेट खोल दिया।


### मोदीनगर में युवकों ने घर पर की पत्थरबाजी

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर में आठ माह पहले हुई छेड़छाड़ के मामले में समझौता न करने से नाराज आरोपियों ने युवती के घर पर पत्थरबाजी कर दी। अपहरण करने की धमकी भी दी है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती से आठ माह पहले छेड़छाड़ की गई थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया था। अब यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि काफी समय से आरोपी पक्ष समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। देर रात आरोपी युवती के घर का बाहर पहुंचे और भाई से समझौता करने का दबाव बनाया। समझौता करने से इंकार करने पर आरोपी पक्ष ने युवती के घर पर अचानक पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। काफी देर तक पत्थरबाजी होने से अफरा तफरी का माहौल बना गया। आरोपियों ने पीड़िता को जबरदस्ती उठाने की भी धमक दी। युवती के भाई ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर निशांत कौशिक व प्रिंस कौशिक निवासी बलदेव नगर डबल स्टोरी मोदीनगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के घर खरीदारों ने विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। लोगों ने रजिस्ट्री नहीं होने, आईआरपी की मनमानी, मेट्रो प्रोजेक्ट में देरी पर नाराजगी जताई।ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसाइटी में रहने वाले लोग करीब 51 हफ्तों से एक मूर्ति गोल चक्कर पर रजिस्ट्री की मांग को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। रविवार सुबह हजारों घर खरीदार जंतर-मंतर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि एक साल से लगातार प्रदर्शन जारी है। इसके बावजूद समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम, दिनकर कुमार, दीपांकर कुमार, राजकुमार, चंदन सिन्हा, महेश यादव, अनुपमा मिश्रा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें घर और मेट्रो जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जंतर मंतर पर आना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार समस्याओं को अनदेखा कर रही है। लगातार प्रदर्शन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने एकजुट होकर आंदोलन जारी रखने की शपथ ली।प्रदर्शन में सीपी सिंह, रवींद्र सिन्हा, संजीव सक्सेना, डीके सिन्हा, समीर भारद्वाज, सुंधाशु किशोर, अनिल रात्रा, डॉ. सुशील कटियार, मनोज कुकरेती, ज्योति जायसवाल, अतुल रंजन, पी दुबे, विभूति, महेंद्र विष्ट, पुरुषोत्तम, भूपेंद्र, रंजना, शैलेश,देवेश, विनीत, मनीष, मंडन, जयचंद्रन, विजय, अमित, अजय, विपिन, हिमांशु, पुनीत, संतोष आदि शामिल रहे।

### शादी समारोह में हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा। शादी समारोह में अशोक यादव की हत्या के मामले में बिसरख पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पिछले दिनों पीड़ित के परिजन बिसरख कोतवाली पहुंचे थे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक फार्म हाउस में 27 नवंबर को शादी समारोह में होशियारपुर के निवासी अशोक यादव की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप मृतक समधी पर लगा था। पुलिस ने आरोपी शेखर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पिछले रविवार को अशोक यादव के परिवार के साथ गांव होशियारपुर के लोग थाना बिसरख पहुंचे थे। लोगों ने मांग की थी कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। बिसरख पुलिस ने हत्या के मामले में सौरव यादव व गौरव यादव निवासी ग्राम रझेड़ा थाना सिम्भावली हापुड़ और विकास यादव निवासी ग्राम सोरखा सेक्टर-115 थाना को गिरफ्तार किया है। सौरव और गौरव वर्तमान में ई-89 सेक्टर 23 संजय नगर गाजियाबाद में रहते हैं। जबकि विकास वर्तमान में एच-235 सेक्टर-23 संजयनगर गाजियाबाद में रहता है। बिसरख पुलिस ने रविवार को आरोपियों को लालकुंआ के पास से गिरफ्तार किया है।

# द्वारका एक्सप्रेसवे : डीडीए ने निजी जमीन पर बना दी सड़क

## दिल्ली हाईकोर्ट ने ठोका 'मोटा' जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 226 (द्वारका एक्सप्रेसवे) के निर्माण के दौरान बिना अधिग्रहण किए दो बीघा जमीन पर सड़क और फुटपाथ बना दिया। भूमि मालिक ने गैरकानूनी कब्जे को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था।

हाईकोर्ट ने इस मामले में जमीन मालिक को 98 लाख 27 हजार 82 रुपये का भुगतान करने को कहा है। इस मामले में भूमि मालिक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि कापासेहड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव की उसकी दो बीघा और चार बिस्सा से अधिक जमीन पर गैरकानूनी तरीके से डीडीए ने सड़क व फुटपाथ बना दिया। जमीन मालिक ने डीडीए के कब्जे को चुनौती देते हुए कहा कि इसके बदले उसे वैकल्पिक जमीन दिलाई जाए।

बेंच के सामने डीडीए ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। बेंच ने डीडीए के इस कृत्य को गलत करार दिया है। बेंच ने यह भी कहा कि अधिग्रहण प्रक्रिया को पूरा करने में देरी की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में देरी नहीं की जा सकती।

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता अधिनियम 2013 भूमि अधिग्रहण से आपत्ति नहीं है। डीडीए भी इस भूमि के अधिग्रहण करने की पहले ही संबंधित विभाग को




सिफारिश कर चुका है। वर्ष 2021 से यह कार्य शुरू भी हो गया है, लेकिन अभी मुद्दा भूमि मालिक की मुआवजे के अतिरिक्त वैकल्पिक जमीन प्राप्ति का है, लेकिन बेंच हाईकोर्ट के पूर्व के आदेशों के मद्देनजर वैकल्पिक जमीन आवंटन का आदेश नहीं दे सकती।

### हाईकोर्ट के आदेश

संबंधित विभाग अधिग्रहण की अधिसूचना चार सप्ताह के भीतर जारी करे

मुआवजा रकम और अन्य उचित लाभ तीन माह के भीतर याचिकाकर्ता को दिए जाएं

याचिकाकर्ता संतुष्ट न हो तो उसके पास अन्य कानूनी अधिकार रहेंगे

याचिकाकर्ता को 98 लाख 27 हजार रुपये डीडीए की ओर से दिए जाएं

याचिकाकर्ता रकम लेने से इनकार करता है तो राशि रजिस्ट्रार के यहां जमा करनी होगी

# एनसीआर की 10 एकड़ कॉलोनी में गरजा बुलडोजर

## 24 मकान और फार्महाउस जमींदोज

जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन टीम का अवैध निर्माण के खिलाफ शुक्रवार को तोड़फोड़ जारी रही। टीम ने धनकोट गांव में साढ़े दस एकड़ पर काटी गई तीन अवैध कॉलोनियों में सात फार्म हाउस और 24 निर्माणाधीन मकान ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई का लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजेंद्रा पार्क थाने की पुलिस को तैनात देखकर विरोध करने वाले पीछे हट गए। डीटीपी को लगातार शिकायत मिल रही थी कि धनकोट गांव में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। शिकायत पर विभाग की ओर से जांच कराई गई। जांच में साढ़े दस एकड़ पर तीन कॉलोनी काटने की शिकायत को सही पाया गया। नोटिस देकर निर्माण बंद करने के निर्देश दिये गए, लेकिन भूमाफियाओं पर इसका असर नहीं हुई।

जीएमडीए के एसडीई हेमन्त सैनी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करके डीटीपी सुमित मलिक के साथ विद्युत विभाग से लाइनमैन, जेई नवीन के साथ धनकोट गांव पहुंचे। जहां पर खेड़की माजरा धनकोट गांव की 3.5 एकड़ जमीन पर सात फार्म हाउस, बाउंड्रीवॉल और सड़क को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता धनकोट पहुंचा। यहां पर सात एकड़ पर दो अवैध कॉलोनी में आठ संरचना, 13 डीपीसी, तीन चारदीवारी समेत पूरे सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। डीटीपी सुमित मलिक ने कहा कि तोड़फोड़ के दौरान लोग एकत्र हुए। लोगों से अपील की गई है कि जमीन खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय से जानकारी अवश्य लें।

बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में प्रशासन का बुलडोजर ऐक्शन लगातार जारी है। इस दौरान एनसीआर में कई जगहों पर प्रशासन ने ऐक्शन लोकर अवैध मकानों और दुकानों को ध्वस्त किया है।

# ग्रेनो में रेलवे ट्रैक पर संविदा कर्मी की मौत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र के एनटीपीसी प्लांट में रेल के इंजन की चपेट में आने से एक संविदा कर्मचारी की मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली उनके घर में कोहराम मच गया और लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

जारचा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनटीपीसी प्लांट में एक वर्कर विजेंद्र शर्मा की रविवार सुबह रेल के इंजन की चपेट में आने से मौत हो गई। विजेंद्र पास के ही गांव पटारी का रहने वाला था। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और गांव के लोग एनटीपीसी प्लांट के पास पहुंच गए और उन लोगों ने धरना-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर उनके द्वारा प्रदर्शन किया गया। सूचना मिलते ही आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाया गया। पुलिस की तरफ से जानकारी देते हुए बताया गया कि मृतक विजेंद्र शर्मा लगभग 15 सालों से ठेकेदारी के अंतर्गत एनटीपीसी में रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहा था। विजेंद्र की मौत रेलवे ट्रैक पर कार्य करते समय हुई है।

# मानवाधिकार दिवस पर शुद्ध हवा में सांस लेने के अधिकार की गारंटी दें केंद्र और राज्यों की सरकारें : दयानंद वत्स भारतीय

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के तत्वावधान में आज संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं विख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पर्यावरण मित्र शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर देश के 140 करोड नागरिकों से कहा कि भारतीय नागरिकों को इस समय केवल एक ही अधिकार की आवश्यकता है ओर वह है शुद्ध हवा में सांस लेकर जीने का अधिकार। वायु गुणवत्ता सूचकांक निरंतर खतरनाक स्थिति की ओर बढ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली ही गैस



चैंबर में परिवर्तित हो गई है। एन.सी.आर और अन्य राज्यों की हालत भी कमोबेश यही है। ऐसे में देश की संसद को पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोरतम कानून बनाने की ओर कदम बढाना चाहिए। वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार प्रदूषण माफिया के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया जाए। केंद्र ओर राज्य सरकारें सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई भी व्यक्ति हवा को दूषित न कर सके। प्रदूषण फैलाकर लोगों को दमघोंटू वातावरण की ओर धकेलने वाले सभी इकाइयों को तत्काल बंद कराऐं। क्योंकि जब मानव जिंदा ही नहीं बचेगा तो फिर अन्य मानवाधिकारों का क्या औचित्य शेष रहेगा?

वत्स ने कहा कि हम सबको और सरकारों को प्रदूषण मुक्त भारत बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण को अपनी उच्च प्राथमिकता सूची में रखना होगा। मानवाधिकारों की मांग करते समय हमें अपने नागरिक मानवीय कर्तव्यों का का निर्वहन करने का भी संकल्प लेना चाहिए। वत्स ने सभी देशवासियों का आह्वान किया कि हम आज एक संकल्प लें कि अपने आसपास ना प्रदूषण फैलाएंगे और ना किसी दूसरे को ऐसा करने देंगे। राजधानी दिल्ली को औधोगिक इकाई मुक्त करने की भी आवश्यकता है।

दिल्ली के नियोजित और गैर नियोजित रिहायशी क्षेत्रों में चल रही प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को तत्काल दिल्ली से बाहर किया जाना चाहिए। नागरिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों को भी याद रखें।

# खिलाड़ी अपने मैडल एक बार मां यमुना व साहिबी नदी के किनारे लेकर जाएं : पंचायत संघ

## नजफगढ़ की बेटियों को बाक्सिंग मे मैडल लाने पर सम्मानित किया गया

नई दिल्ली। आकांक्षा गांव रावता नजफगढ ने अरमेनिया देश में आयोजित वर्ल्ड बाक्सिंग जूनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।ओर कृतिका वासन ने इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।ओर नजफगढ के बेटे सार्थी सैनी ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया।



इनका सम्मान भारत माता बाक्सिंग अकैडमी के मंच पर हुआ।बॉक्सर खिलाड़ी बेटियों को सम्मानित दिल्ली एमयोचर बाक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व पूर्व सचिव डी एन यादव, डाबा के उपाध्यक्ष व प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ थान सिंह यादव, गुरु द्रोणाचार्य अवार्डी सरदार एस आर सिंह व अकैडमी के अध्यक्ष बृजमोहन यादव ओर पार्षद मीना तरूण यादव ने किया। इस अवसर पर थान सिंह यादव ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने मैडल खेल मंच से एक बार मां यमुना नदी, दिल्ली देहात की जीवनदायिनी साहिबी नदी व अपने गांव के तालाबो के किनारे जरूर लेकर जाएं।

ओर वहां किनारे के पास अपने अपने खेल का अभ्यास एक बार जरूर करें। दूसरा सभी बच्चो के माता पिता से कहा की अपने बच्चो को खेल मैदान तक जरूर लाएं।

ओर जल,वन,हवा को शुद्ध करने के लिए एक बार बच्चो को नदियों,वनों,तालाबों व खेतों में जरूर लेकर जाएं।ताकि बच्चे इनसे झुडें ओर इनको साफ रखें ओर खेलों की तरफ बढ़े।

# गाजियाबाद में डिवाइडर से टकराई कमर्शियल गाड़ी, एक की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मेरठ से आ रही पनीर की गाड़ी नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में गाड़ी में सवार एक शख्स की मौत हो गई। वहीं दो घायल हैं। ड्राइवर के मुताबिक, डिवाइडर पर जल रहे संकेतक को उसने गाड़ी का इंडिकेटर समझ लिया था। गाजियाबाद के वेवसिटी थानाक्षेत्र के नेशनल हाईवे 9 पर सनसिटी के गेट के सामने पनीर की एक गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायलों को उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया।

# नोएडा पुलिस ने लुटेरों के गिरोह का किया खुलासा, 6 सदस्य गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। इस दौरान इनके कब्जे से सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। अभी 2 दिन पहले ही इनके दो साथी पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए थे।

थाना सैक्टर 39 पुलिस ने थाना क्षेत्र के दादरी रोड शौचालय के यूटर्न के पास से गोपनीय सूचना के आधार पर 4 चोरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने दिल्ली निवासी, प्रशांत व शाहजहांपुर निवासी दानवीर व कल्लू को गिरफ्तार किया। इन लोगों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान बरामद किया। थाना सेक्टर 39 प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार चारों लुटेरे एक बड़े ही शातिर गिरोह के सदस्य हैं। इनके दो साथी 8 दिसंबर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए थे। इस दौरान पुलिस ने आमिर व ताहिर को गिरफ्तार किया था। गिरोह के दो सदस्य शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश के निवासी है और दोनों पर शाहजहांपुर में डकैती, लूट, चोरी और अन्य मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा गिरोह के 4 सदस्य दिल्ली के निवासी है। गिरोह के सभी सदस्य असलहे रखते हैं और ऑटो से घटना को अंजाम देने के लिये रात व दिन में बन्द ताला लगे मकानो में रैकी कर डकैती और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। इन लोगों के द्वारा दिल्ली एनसीआर, गाजियाबाद , शाहजहांपुर आदि स्थानो पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनके विरुद्ध दो दर्जन से अधिक मुकदमे भिन्न-भिन्न जनपद के थानो में दर्ज है। इन बदमाशो के विरूद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# गाजियाबाद में एक घंटे तक बंद रहा रेलवे फाटक

मोदीनगर। गाजियाबाद में मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर राज चौपला के पास स्थित रेलवे फाटक एक घंटे से अधिक समय तक बंद रहने के चलते दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम लग गया। जाम के कारण वाहनों की दो किलोमीटर लम्बी लाइन लग गई।

इसके चलते गाजियाबाद की ओर जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेरठ रेलवे ट्रैक पर दोपहर साढ़े 11 बजे से लेकर एक बजे तक एक साथ कई ट्रेनें आ गईं। इसके चलते राज चौपला स्थित रेलवे फाटक बंद रहा।

रेलवे फाटक एक साथ एक घंटे से अधिक समय तक लगातार बंद रहने के कारण वाहनों की लाइन दिल्ली मेरठ मार्ग तक आ गई। इसके चलते दिल्ली मेरठ मार्ग पर मेरठ से गाजियाबाद की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। देखते ही देखते वाहनों की लम्बी लाइन लग गई।

जाम के कारण वाहनों की दो किलोमीटर लम्बी लाइन पहुंच गई। जाम के कारण मेरठ से गाजियाबाद की और जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तीन घंटे से अधिक समय तक दिल्ली मेरठ मार्ग पर जाम लगा रहा।

# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 2 महीने रफ्तार पर लगेगा ब्रेक

## 15 दिसंबर से कम होगी वाहनों की गति सीमा

ग्रेटर नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर कोहरे को देखते हुए 15 दिसंबर से वाहनों की गति सीमा घटाई जाएगी। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ एमपी टू एलिवेटेड रोड समेत शहर की आंतरिक सड़कों पर भी गति सीमा कम की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने यह निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 15 फरवरी 2024 तक लागू रहेगी।झ्ठुनोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे करीब 24 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 20 किलोमीटर का हिस्सा नोएडा के क्षेत्र में आता है। पिछले कुछ सालों में यहां काफी हादसे हो चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगले सप्ताह से कोहरा पड़ने की संभावना है। ऐसे में सड़क हादसे की आशंका बढ़ जाती है। हादसे रोकने के लिए पहले से ही जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि एक्सप्रेसवे, एमपी टू एलिवेटेड रोड सहित शहर की छह सड़कों पर गति सीमा घटाई जाएगी। एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहन (चार पहिया) के लिए गति सीमा 100 से घटाकर 75 किलोमीटर और भारी वाहनों के लिए 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटा की जाएगी। उन्होंने बताया कि एमपी टू स्थित एलिवेटेड रोड पर हल्के वाहनों के लिए 50 और भारी वाहनों के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार तय की गई है। मास्टर प्लान रोड नंबर-1(डीएनडी टोल प्लाजा से सेक्टर-57 चौराहा), 2(सेक्टर-18 से सेक्टर-60 अंडरपास), 3(कालिंदी कुंज से सेक्टर-122) और रोड नंबर-6(सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से सेक्टर-71 अंडरपास) के अलावा डीएससी (दादरी-सूरजपुर-छलेरा) रोड पर भी वाहनों की गति कम की जाएगी। इन जगह 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार तय होगी। गौरतलब है कि कोहरे को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा दूसरी बार घटाई जा रही है । पहली बार यह व्यवस्था वर्ष 2022 में शुरू हुई थी।

### नियम तोड़ने पर चालान

ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर तेज गति का नियम तोड़ने वालों के कैमरों से चालान किए जा रहे हैं। अभी तक इनमें हल्के वाहनों के लिए 100 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार तय है। अब 75 किमी प्रति घंटा के हिसाब से कैमरों को सेट किया जाएगा। गति सीमा घटाने से संबंधित जानकारी देने के लिए जल्द ही प्राधिकरण एक्सप्रेसवे और उससे पहले के रास्तों पर संबंधित जानकारी देने के लिए बोर्ड लगाएगा। कोहरे से बचाव के लिए ब्लिंकर भी लगाए जाएंगे।

# मेरठ में गाजियाबाद के संघ प्रचारक पर जानलेवा हमला

मेरठ। मेरठ के हापुड़ रोड पर गाजियाबाद संघ प्रचारक पर जानलेवा हमला किया गया। घटना शनिवार रात की है। जब गाजियाबाद के संघ प्रचारक शुभम गुप्ता सड़क पर जा रहे थे। तभी हापुड़ रोड पर स्कूटी सवार ने कार का पीछा करके संघ प्रचारक पर बीच सड़क में हमला कर डाला। मौके पर पहुंची तीन थानों की पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। बताया गया कि चार युवक सीसीटीवी में कैद हुए हैं।

हापुड़ रोड कांच के पुल के पास आरएसएस के गाजियाबाद महानगर प्रचारक की कार पर स्कूटी व बाइक सवार युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। युवकों ने उनकी कार पर पथराव भी किया। पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली और संघ प्रचारक से जुड़ा होना बताया गया पुलिस में हड़कंप मच गया। फौरन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसपी के निर्देश पर कई थानों की पुलिस फोर्स मारपीट करने वालों की जांच में जुट गई, रातभर सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए हैं। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है।

शुभम आरएसएस के गाजियाबाद नगर संघ प्रचारक हैं। अपने तीन स्वंयसेवकों के साथ कार में सवार होकर शास्त्री नगर स्थित एक शादी में शामिल होने के लिए मेरठ आ रहे थे। कांच के पुल के पास पीछे से आ रहे स्कूटी सवार युवकों से आगे निकलने को लेकर कहासुनी हुई। स्कूटी सवार युवकों ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया। कार को इस्लामाबाद के पास रूकवाया, कार पर हमला किया और मारपीट शुरू कर दी। पथराव भी करने लगे। पत्थर लगने से कार का शीशा टूट गया।

### मोदीनगर में स्याही फैक्ट्री में लगी आग

मोदीनगर। मोदीनगर के सिखैड़ा रोड स्थित स्याही फैक्ट्री में रविवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। धू-धूकर फैक्ट्री में रखा सामान जलने लगा। दमकल विभाग की टीम ने 6 फायर टैंकरों की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसे के कारण का दमकल विभाग की टीम जांच कर रही है। सिखैड़ा रोड इंडस्ट्रीयल एरिया में गौरव त्यागी की आरएन इंटस्ट्रीज नाम से स्याही की फैक्ट्री है। फैक्ट्री में स्याही बनाने के लिए केमिकल से भरे ड्रम रखे थे। रविवार दोपहर करीब सवा एक बजे इन ड्रम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री में आग फैल गई। धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। इतने टीम मौके पर पहुंची आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे तक जल गए।

## संपादकीय



# देश को चाहिए एक नौजवान नेता

नौजवान नेतृत्व का महत्व समझते हुए, देश को एक नौजवान नेता की आवश्यकता है जो सकारात्मक परिवर्तन और विकास के माध्यम से समृद्धि की ओर मुख कर सके। इस लेख में, हम नौजवान नेतृत्व के महत्व, इसके लाभ, और एक सकारात्मक नौजवान नेता की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे।

### नौजवान नेतृत्व का महत्व

**उत्थानशील समाज का निर्माण :** नौजवान नेता उत्थानशील समाज का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उसकी सकारात्मक सोच और ऊर्जा से युक्त होकर, वह नए और सुधारित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है।
**युवा शक्ति को बढ़ावा:** एक नौजवान नेता द्वारा संचालित कार्यक्रमों और अभियानों के माध्यम से, युवा शक्ति को बढ़ावा मिलता है। यह नए उत्साह और सिद्धांतों के साथ युवा पीढ़ी को प्रेरित करता है।
**नए और सामर्थ्यशाली विचार :** नौजवान नेता नए और सामर्थ्यशाली विचारों का प्रमोट कर सकता है जो समाज को सुधारने में मदद करते हैं। उसका दृष्टिकोण नए समस्याओं को सुलझाने के लिए सामर्थ्यपूर्ण होता है।

### नौजवान नेतृत्व के लाभ

**सोशल इम्पैक्ट :** एक नौजवान नेता का सकारात्मक सोशल इम्पैक्ट होता है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव होता है और सामाजिक समस्याओं का समाधान होता है।
नौजवानों का समृद्धि में योगदान : नौजवान नेता नौजवानों को समृद्धि के मार्ग पर ले कर जाता है और उन्हें अच्छे नागरिक बनाने में मदद करता है।
नए क्षेत्रों में नेतृत्व : नौजवान नेता नए क्षेत्रों में नेतृत्व की ओर से एक उत्तरदाता की भूमिका निभा सकता है, जैसे कि विज्ञान, तकनीक, और सामाजिक न्याय।
**शिक्षा और उद्दीपन :** सकारात्मक नौजवान नेता को शिक्षा और उद्दीपन में सक्षम होना चाहिए ताकि वह अधिक लोगों को प्रेरित कर सके।
**समझदारी और संवाद क्षमता :** एक नौजवान नेता को समझदारी और संवाद क्षमता में समर्थ होना चाहिए ताकि वह लोगों के बीच में बेहतर समझौता कर सके।
एक सकारात्मक नौजवान नेता को समर्थ नेतृत्व की विशेषता होनी चाहिए ताकि वह समस्याओं का सही समाधान निकाल सके।
**योजना बनाने और कार्रवाई करने की क्षमता :** नौजवान नेता को योजना बनाने और कार्रवाई करने में सक्षम होना चाहिए ताकि उसके द्वारा शुरू की गई पहल का सफल परिणाम हो सके।
'देश को चाहिए नौजवान नेता का मतलब समृद्धि, उत्थानशीलता, और सामाजिक समरसता की ओर मुख करने का आदान-प्रदान करने वाला एक ऐसा नेता जो नए विचारों और ऊर्जा के साथ युक्त हो। नौजवान नेतृत्व के माध्यम से, हम एक सकारात्मक भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं जिसमें समृद्धि, समाजिक न्याय, और सामरिक सांघर्षिकता शामिल हो।



# चुनाव के ढंग बदल रहे हैं


चुनाव चाहे कोई भी हो, लेकिन खासकर राज्य विधानसभा चुनावों के बाद शोर-शराबा होता ही है। जिन्हें जीत मिली, वे जश्न मनाते हैं और हारने वाले राजनीतिक दलों के समर्थक आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते हैं। लेकिन चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे सामने आने के बाद जो शांति दिख रही है, वह सामान्य नहीं है। अगर यह प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के परिपक्व व्यवहार का प्रमाण है तो हम इसका स्वागत कर सकते हैं। लेकिन अगर इसकी वजह कांग्रेस की उदासीनता है तो यह चिंता का विषय है। चलिए, शुरुआत करते हैं मेरे एक गलत अनुमान से। मैंने लिखा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस आ रही है, लेकिन मैं गलत था। कांग्रेस की 35 की तुलना में 54 सीटों के साथ भाजपा को वहां प्रभावी अंतर के साथ जीत मिली। कांग्रेस शुरुआत से ही राज्य पर दावा कर रही थी, जिसे सभी सर्वेक्षणों में माना भी जा रहा था। कई लोगों से बातचीत के आधार पर मैं भी इससे सहमत था। लेकिन नतीजों ने भाजपा को छोड़ सभी को हैरत में डाल दिया। यह पता चला कि सामान्य, एससी और एसटी सीटों पर कांग्रेस के वोट शेयर में भारी कमी आई। 2018 में जीतीं एसटी की सभी सीटें गंवाने के साथ ही कांग्रेस ने अपनी हार की कहानी लिख दी।

हालांकि आपको याद होगा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के संबंध में कांग्रेस के दावों को मैंने स्वीकार नहीं किया था। राजस्थान में गहलोत सरकार ने अच्छा काम किया था, लेकिन सत्ता विरोधी लहर उनके गले की फांस बन गई। नतीजा यह रहा कि गहलोत सरकार के 17 मंत्री और कांग्रेस के 63 विधायकों को चुनावों में मुंह की खानी पड़ी। इससे मंत्रियों और विधायकों को लेकर जनता की भारी नाराजगी का संकेत मिलता है। जाहिर है कि चुनावी सर्वे जनता की नाराजगी के स्तर को भांप नहीं सके। आखिरकार, 1998 के बाद से राजस्थान के मतदाताओं की कांग्रेस और भाजपा में अदला-बदली करने की आदत जारी रही। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश में उल्लेखनीय विफलताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच शिवराज सिंह चौहान ने खासकर महिलाओं को लाभान्वित करने वाली लाडली बहन जैसी कई योजनाएं लागू कीं, जिनका फायदा उन्हें मिला। यह राज्य हिंदुत्व की प्रयोगशाला भी था। आरएसएस और इसके सहयोगी संगठनों ने पूरी सक्रियता के साथ जनता में गहरी जड़ें जमाई थीं।

भाजपा सरकार को मध्य प्रदेश से उखाड़ने के लिए संगठन की तरफ से सशक्त प्रयासों की जरूरत थी, लेकिन कांग्रेस ने स्पष्ट तौर पर वैसा कुछ नहीं किया। जबकि भाजपा ने राज्य में केंद्रीय मंत्रियों, मौजूदा सांसदों सहित कद्दावर नेताओं का जमावड़ा एकत्र किया। समय व संसाधनों के भारी निवेश ने स्वाभाविक ही नतीजों को भाजपा के पक्ष में झुका दिया। तेलंगाना में जरूर मैंने बीआरएस सरकार के खिलाफ एक ग्रामीण लहर को महसूस किया था और किसी चमत्कार के होने की संभावना भी जाहिर की थी। के चंद्रशेखर राव को पृथक तेलंगाना राज्य हासिल करने और वहां रायथु बंधु जैसी लाभकारी योजनाएं शुरू करने का श्रेय जाता है, जिनमें किसानों को धन हस्तांतरित किया गया। लेकिन सत्ता का एक ही परिवार में सिमटना, भ्रष्टाचार के आरोप, हैदराबाद केंद्रित विकास, मुख्यमंत्री की खुद को अलग-थलग रखने वाली शख्सियत और चरम बेरोजगारी ने सरकार के खिलाफ एक लहर पैदा की, जिस पर सवार रेवंत रेड्डी ने एक आक्रामक अभियान चलाया और कांग्रेस को जीत दिलाई।

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हार मिलने के बावजूद कांग्रेस का वोट शेयर बरकरार रहा। आंकड़े खुद ही बोलते हैं। अच्छी बात यह है कि द्विध्रुवीय प्रतिस्पर्द्धी राजनीति अभी जिंदा है। कांग्रेस का वोट शेयर चारों राज्यों में 40 फीसदी यानी करीब 2018 जितना ही रहा, जो चुनावी लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है। दूसरी ओर, भाजपा को चारों राज्यों में वोट शेयर में बढ़त मिली और उसने चारों राजधानियों और शहरी क्षेत्रों की ज्यादातर सीटें जीत लीं। मध्य प्रदेश को छोड़ कर बाकी जगहों पर वोट शेयर में अंतर काफी कम है। छत्तीसगढ़ में 4.04 फीसदी का अंतर आदिवासी वोटों के शिफ्ट होने की वजह से हुआ।

# महुआ के बहाने बेनक़ाब हुए 'माननीय'



तनवीर जाफ़री

भारतीय संसद को वैसे तो लोकतंत्र का मंदिर भी कहा जाता है। हमारे देश के जनप्रतिनिधि इसी संसद भवन में बैठकर देश के भविष्य की योजनायें व इससे सम्बंधित क़ानून बनाते हैं। इसलिये यह कहने की ज़रुरत नहीं कि प्रत्येक सांसद को पूर्ण रूप से संसदीय व्यवस्था व सञ्चालन को समझने की क्षमता रखने वाला,संसदीय क़ायदे क़ानूनों का जानकार ,गंभीर,ज़िम्मेदार,ईमानदार,अनुशासित तथा समाज के लिये आदर्श पेश करने वाला नेता होना चाहिये। परन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं ।स्वतंत्रता से लेकर अब तक जहां हमारी संसद में अनेकानेक ऐसे सांसद हुए हैं जिनपर देश नाज़ करता है वहीँ दुर्भाग्यवश इसी संसद में अपराधी,भ्रष्ट,रिश्वतख़ोर,सवाल पूछने के बदले पैसे लेने वाले,संसद में हाथा पाई,मारपीट तथा लात घूसा चलाने वाले,ज़मीर फ़रोश,सिद्धांत विहीन,सत्ता लोलुप,दलबदलू यहां तक कि अशिक्षित सांसद भी शोभायमान होते रहें। इसके अतिरिक्त यही माननीय कई बार सांसद की गरिमा के विरुद्ध आचरण करते भी देखे जा चुके हैं। उदाहरण के तौर पर मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत के पाँच दिवसीय दौरे पर आए थे उस दौरान उन्होंने 22 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में संयुक्त भारतीय संसद को भी संबोधित किया था। खचाखच भरे इस केंद्रीय हाल में राष्ट्रपति क्लिंटन के संबोधन के बाद जिस तरह हमारे %माननीयों में क्लिंटन के साथ हाथ मिलाने व फ़ोटो खींचाने की होड़ मची थी वह दृश्य भी अभूतपूर्व था। अनेक सांसद उस दिन कुर्सियां फांद कर एक दूसरे को पीछे छोड़ राष्ट्रपति क्लिंटन की तरफ़ जाते दिखाई दिये थे। यह उनसे हाथ मिलाने व उसके साथ फ़ोटो खिंचाने के लिये लालायित थे। इस दृश्य ने भी अनेक माननीयों की मानसिकता व उनकी हक़ीक़त को उजागर किया था। आज भी उसी मानसिकता के अनेक सांसद समय समय पर संसद में मोदी – मोदी का जाप करते सुनाई देते हैं। ऐसा नेता जाप भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश की संसद में होते नहीं सुनाई देता।

पिछले दिनों भारतीय संसद में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। उनपर संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने तथा लोकसभा पोर्टल का अपना लॉग इन पासवर्ड, लोकसभा नियमों के विरुद्ध दूसरों से शेयर करने के आरोप हैं।

हालांकि महुआ मोइत्रा के लोकसभा से निष्कासन को विपक्ष बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहा है वहीं सरकार व उसके पक्षकारों का मत है कि महुआ के साथ जो कुछ हुआ है वह सब कुछ नियमों के तहत ही हुआ है। परन्तु महुआ प्रकरण पर गत 8 दिसंबर को लोकसभा में चली चर्चा के दौरान जब महुआ के समर्थन में बांका ( बिहार ) के जनता दल यूनाइटेड सांसद गिरधारी यादव खड़े हुये तो उनके मुंह से कुछ ऐसे वाक्य निकले जिन्होंने न केवल लोकसभा अध्यक्ष बल्कि पूरी संसद को स्तब्ध कर दिया। चूँकि गिरधारी यादव अपने क्षेत्र से चार बार विधायक और तीन बार लोक सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं इसलिये जनता के बीच उनकी लोकप्रियता से इंकार क़तई नहीं किया जा सकता। गिरधारी यादव ने साफ़ साफ़ कहा कि न तो उन्हें लोकसभा पोर्टल लॉगिन करना आता है न ही उन्हें अपना पासवर्ड याद रहता है न ही वे लोकसभा में अपने सवाल खुद तैयार करते हैं। बल्कि उनका यह सारा गोपनीय काम उनके पी ए करते हैं।



निश्चित रूप से सांसद गिरधारी यादव द्वारा संसद में ऑन रिकार्ड की गयी यह स्वीकारोक्ति ग़ैर क़ानूनी व संसदीय नियमों के विरुद्ध थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सांसद गिरधारी यादव के इस बयान पर घोर आपत्ति भी दर्ज की और उन्हें सचेत भी किया कि सदन में ऑन रिकार्ड दिये गये आपके इस विवादित बयान को लेकर आपके विरुद्ध कार्रवाई भी हो सकती है।

परन्तु गिरधारी यादव ने बिना छुपाये हुये अपनी जो हक़ीक़त थी वह बयान कर डाली। साथ ही यह भी कहा कि अब उनकी यह उम्र कम्प्यूटर आदि सीखने की नहीं और उन्हें यह सब नहीं आता। जब लोकसभा अध्यक्ष सांसद गिरधारी यादव की बातों से असहज हुये तो उन्होंने इस गंभीर विषय पर संसद की नब्ज़ भी टटोलनी चाही। उन्होंने उसी समय वरिष्ठ तृणमूल सांसद सुदीप बंदोपाध्याय से पूछा कि क्या आप इनकी (सांसद गिरधारी यादव) बातों से सहमत हैं।

इसपर उस वरिष्ठ सांसद ने सदन में जो बात कही वह भारतीय संसद की हक़ीक़त को उजागर करने के लिये काफ़ी है। बंदोपाध्याय ने कहा कि आप दस दस सांसदों के ग्रुप को अपने कार्यालय में बुलाकर स्वयं देख लें कि कितने सांसदों को लॉगिन करना और कंप्यूटर संचालन आता है। यह सुनते ही लोकसभा अध्यक्ष जो सांसद गिरधारी यादव को उनके विवादित बयान के लिये कार्रवाई की धमकी देते सुनाई दिये वही स्पीकर, सुदीप बंदोपाध्याय की बात सुनकर ठन्डे पड़ते देखे गये।

सवाल यह है कि क्या सांसद गिरधारी यादव की बातों पर सुदीप बंदोपाध्याय की प्रतिक्रिया और उनकी प्रतिक्रिया सुन लोकसभा अध्यक्ष की ख़ामोशी भारतीय सांसदों की हक़ीक़त को उजागर नहीं करती ?

यहीं से दूसरा सवाल महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को लेकर भी खड़ा होता है कि जब सांसद गिरधारी यादव सदन में स्वीकार कर चुके कि न तो वे लोकसभा के अपने सवाल तैयार करते हैं न ही उन्हें अपना लॉग इन पासवर्ड याद रहता है।

उनके यह सारे काम कोई अन्य (उनका पी ए ) करता है। फिर इन्हीं आरोपों में केवल महुआ मोइत्रा ही दोषी क्यों ? रहा सवाल देश विदेश में संसद की गरिमा धूमिल करने का,जैसा कि सत्ता पक्ष के कई सांसदों द्वारा लोकसभा में चर्चा के दौरान महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाया गया। तो संसद की गरिमा इससे भी अधिक पूरे विश्व में पहले भी धूमिल होती रही है। याद कीजिये इसी वर्ष 21 सितंबर को जब भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने सांसद दानिश अली को संसद में निशाना बनाते हुये उनके पूरे समुदाय को संसद में गाली दी थी और अपमानित किया था। क्या एक निर्वाचित सांसद के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना उसे गलियां देना,धमकी देना संसद की गरिमा को नहीं गिराता ?

भारतीय संसद ऐसी और भी अनेक घटनाओं की साक्षी रही है जिससे लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा को धक्का लगता रहा है। अदानी के बढ़ते साम्राज्य पर संसद के भीतर व बाहर मुखरित होकर बोलने वाली सांसद महुआ मोइत्रा को बहुमत के ज़ोर पर संसद की सदस्यता से निष्कासित तो ज़रूर कर दिया गया है। परन्तु इस चर्चा के दौरान महुआ के बहाने माननीयों की हक़ीक़त से भी पर्दा उठ गया है।

# इंटरनेट, कंप्यूटर और मोबाइल आम उपभोक्ता की जेबों में सुराग

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में अपारनेट की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90 प्रतिशत लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40 प्रतिशत लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।
इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है।
भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता 10 से लेकर 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है।

## इससे पहले कि हवाएं

इससे पहले कि हवाएं
शब्द भंडार ले जाएं
चलिए मधुर गीत लिख लेते हैं।

इससे पहले कि हिम श्रृंखलाओं
की बर्फ पिघल जाए,
उससे कुछ ठंडी छुअन ले लेते हैं।

इससे पहले कि
लंबी वृक्ष श्रृंखलाएं ग्रीष्म में
पत्तों को त्याग दें,
कुछ बसंत ले लेते हैं।

इससे पहले कि
जीवन मधुर संगीत
सुनाना बंद कर दे,
कुछ स्वर लहरी
गुनगुना ले लेते हैं।

इससे पहले कि जीवन
कि सांध्य बेला
मौसम पर छा जाए,
अपने अंदर के बच्चे को
जी लेते हैं।

इससे पहले की
कठोर धरातल और
पथरीली हो जाए
चलो थोड़ा खिलखिला लेते हैं।

इससे पहले की
प्रकृति सब कुछ ले जाए
दोस्तों के संग गलबहिया
डाले कुछ बतिया लेते हैं।

इससे पहले कि
हम इतिहास बन जाएं,
शब्दों का संसार रच लेते हैं।

इससे पहले की
परिस्थितियां विलग हो जाएं,
नन्ही किलकारीयों में
वर्षा की मासूम फुहारों
का आनंद ले लेते हैं।

# कॉप-28 शिखर सम्मेलन दुबई 2023 में भारत का शौर्यपूर्ण डंका बजा



भारत फिर जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन के सूचकांक की उच्च रैंकिंग 7 वें में स्थान पर आया

दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होना भारत की बड़ी उपलब्धि दर्शाता है – एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश जलवायु परिवर्तन के भीषण परिणाम से पीड़ित है, जिसका निदान करना और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना, पर्यावरण की रक्षा करना हर देश ही नहीं बल्कि हर मानवीय जीव का कर्तव्य है। पिछले कई दिनों व आज 10 दिसंबर 2023 को हम देख रहे हैं ठंड का मौसम होने के बावजूद भारत के अनेक भागों में झमाझम बारिश हो रही है दक्षिण में तूफान कहर बरपा रहा है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्टपरिणामो का ही असर है। पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए ही वैश्विक 28 वा कॉप वैश्विक शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक विचार विमर्श, मंथन कर सर्वसम्मति अनुमति से योजनाएं बनाकर वैश्विक स्तरपर क्रियान्वयन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा, जिसमें भारतीय पीएम भी शरीक हुए। चूंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से आज पूरी मानव जाति पीड़ित है, परंतु दुनियां की सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होना भारत की उपलब्धि दर्शाता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कॉप 28 शिखर सम्मेलन दुबई 2023 में भारत का शौर्यपूर्ण डंका बजा ! भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की उच्च रैंकिंग सातवें स्थान पर आया।

साथियों बात अगर हम भारत के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की उच्च रैंकिंग सातवें नंबर पर आने की करें तो, सम्मेलन में शुक्रवार को जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सूची में सातवें स्थान पर है। भारत पिछली बार जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनसूचकांक में आठवें स्थान पर था ।ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। दुबई में आयोजित वैश्विक जलवायु वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची जारी हुई। सूची में भारत ने एक पायदान की बढ़ोत्तरी की है। सूची के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बता दें, वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बावजूद इसके यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे डाटा से साफ होता है कि प्रति व्यक्ति जीएचजी श्रेणी में भारत दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के बेंचमार्क को छूने वाला है। यह आंकड़ा सकारात्मक रुझानों को दर्शाता है। हालांकि, इसकी गति बहुत धीमी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई, जो दुनियां भर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते हैं। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है, लेकिन जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है ।सूचकांक में कहा गया है कि भारत, दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। सूचकांक पर आधारित रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा डेटा दिखाता है कि प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस श्रेणी में देश 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे के मानक को पूरा करने की राह पर है। हालांकि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में थोड़ा सकारात्मक रुझान दिखता है, लेकिन यह रुझान बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।

साथियों बात अगर हम कॉप 28 शिखर सम्मेलन में शुक्रवार दिनांक 9 सितंबर 2023 को जारी रिपोर्ट को विस्तृत रूप से जानने की करें तो, जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई) विशेषज्ञों ने बताया कि भारत स्पष्ट दीर्घकालिक नीतियों के साथ अपने राष्ट्रीय स्तरपर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों के घरेलू विनिर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इसके बावजूद भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें अभी भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर भारी निर्भरता से पूरी हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्भरता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का एक प्रमुख स्त्रोत है और विशेष रूप से शहरों में गंभीर वायु प्रदूषण का कारण बनती है। भारत अब भी तेल-गैस और पेट्रोल पर हैं
हमारे, सीसीपीआई के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत दीर्घ कालिक नीतियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। हालांकि, भारत की जरूरतें अब भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर पूरी तरह से निर्भर करती है। तेल-गैस और कोयला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रमुख स्त्रोत है। यह वायु प्रदूषण का भी अहम कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर अपेक्षाकृत अधिक कर है। इस कर की कुछ विशेषज्ञ सराहना करते हैं, उनका कहना है कि इससे पेट्रोल-डीजल की खपत में कटौती हो सकती है। वहीं कुछ जानकार इसे राजस्व को बढ़ाने का तरीका बताते हैं।
एक अधिकारी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2024 में भारत को इस पायदान से ऊपर देखने में खुशी होगी। भारत के साथ-साथ अन्य देशों ने भी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई की है।
साथिया बातें अगर हम कॉप 28 को जानने की करे तो, कॉप (सीओपी) का मतलब पार्टियों का सम्मेलन है। अभी तक इसकी कुल 27 बैठकें हो चुकीं हैं, बता दें कि पिछले कॉप 27 का आयोजन नवंबर 2022 में मिस्त्र के श्रम अल शेख में किया गया था । कॉप के तहत हर साल एक बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें दुनियां भर के राष्ट्राध्यक्ष ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए योजनाएं बनाते हैं इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में कारगर उपाय का आकलन करने और यूएनएफसीसीसी के दिशानिर्देश के तहत जलवायु परिवर्तन कार्रवाई करते हैं। बैठक का औपचारिक नाम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन या संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दलों का कॉन्फ्रेंस है। पहला कॉप 1995 में बर्लिन में आयोजित किया गया था। जलवायु कार्रवाई की गंभीरता को देखते हुए, वैश्विक उपभोग पैटर्न को सही करने की आह्वान किया गया है। बता दें 2021 में ग्लासगो में आयोजित जलवायु वार्ता में भी हमारे पीएम ने शिरकत की थी, जहां उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की रणनीति तो उजागर किया था। पीएम ने पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाने के लिए जोर दिया था। 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में तमाम देशों के नेता और प्रमुख संस्थानों के अध्यक्ष शामिल हुए।

## शार्ट न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद में वाराणसी-जंघई रेलखंड के बदलीपुर रेल फाटक के पास रविवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेलखंड के बदलीपुर रेलवे फाटक के पास सुबह लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन का धक्का लगने से कौड़र निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि जिले के सुरियावा थाना क्षेत्र के कौड़र गांव निवासी कोटेदार बृजभान सिंह उर्फ गुलाब सिंह (42 वर्ष) किसी आवश्यक कार्य से सुबह घर से बाइक से निकला था। बदलीपुर पहुंचने के बाद उसने अपनी बाइक एक दुकान पर खड़ी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी खड़ी करने के बाद वह रेल लाइन के पास पहुंचकर ट्रैक को पार कर रहा था। इसी दौरान एक मालगाड़ी थ्रू निकल रही थी। जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने 108 पर फोन कर तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावा भेजा। चोट गंभीर होने से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को भदोही के महाराजा बलवंत सिंह राजकीय अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि वह गांव की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाते थे।

### मेरठ में अतीक के बहनोई का घर कुर्क

मेरठ। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी के घर को शनिवार को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के भवानी पुरम में आयशा नूरी का दो मंजिला आलीशान बंगला है। जिसे प्रयागराज, धूमनगंज थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुर्क कर लिया। बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने अतीक के बहनोई डॉ. अखलाक और बहन आयशा नूरी दोनों को आरोपी बनाया है। अखलाक को पुलिस पहले ही अरेस्ट कर चुकी है। जबकि आयशा फरार है। पुलिस लगातार आयशा की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। इसके चलते ही मेरठ में अखलाक, आयशा नूरी के मकान को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। उमेश पाल की हत्या के बाद बमबाज गुड्डू मुस्लिम और अतीक का बेटा असद यहीं मेरठ में अतीक की बहन आयशा नूरी के इसी मकान में रुके थे। आयशा, अखलाक ने हत्यारोपी को पनाह दी थी। साथ ही उन्हें पैसे देकर मदद की थी। घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में यह पूरी घटना कैद हुई थी। इसका एक वीडियो सामने आया था। जिसमें अतीक का बहनोई अखलाक गुड्डू मुस्लिम से मिलता उसे बैग देता नजर आ रहा था।

### मैनपुरी में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मैनपुरी। मैनपुरी में घर के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह घर में लटका हुआ शव देखते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिवार में आकस्मिक युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला कुर्रा थाना क्षेत्र के तखरऊ का है। तखरऊ निवासी राजू पुत्र जगन्नाथ ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है युवक शराब पीने का आदी था। जो इस समय खेत में हो रही है सिंघाड़े की फसल को बेचकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बीती रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई गोरेलाल ने बताया कि उसका भाई बीते शाम को शराब पीकर घर आया और किसी से कोई बात भी नहीं हुई और ना ही घर में कोई किसी से लड़ाई झगड़ा हुआ। जिसने पता नहीं किस कारण घर के कमरे में फांसी लगा ली। रात में अपने सिंघाड़े को उबालने के लिए रात में लगभग 2 बजे उठा तब उसने देखा कि उसका भाई घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका है। भाई की शादी हो चुकी थी उसके दो बेटियां हैं। फिलहाल परिवार में आकस्मिक हुई युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अलीगढ़ में 8 साल की बच्ची से रेप

अलीगढ़। अलीगढ़ में 8 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक ने बच्ची को बहलाकर उसे हवस का शिकार बनाया। आसपास के लोगों ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया और उसे पीटते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जिससे आरोपी के खिलाफ मेडिकल साक्ष्य जुटाए जा सकें। इगलास के बेसवां चौकी क्षेत्र में ईंट भट्ठे में मजदूर काम करते हैं। यहां मजदूरों की बस्ती बनी हुई है। यहां एक परिवार शनिवार देर शाम को काम करने गया हुआ था। घर पर 8 साल की बेटी और उसका भाई ही मौजूद थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला रंजीत सागर वहां आ गया और बेटे को बाहर भेज दिया। आरोपी ने लड़के से कहा कि वह भट्ठे की परिक्रमा करके आएगा तो उसे रुपए देगा। इसके बाद आरोपी ने मासूम बच्ची को हवस का शिकार बनाना शुरू कर दिया। लड़का जब लौटकर आया तो उसने देखा कि उसकी बहन रो रही है, जिसके बाद उसने दौड़कर अपनी मां को सारी बात बताई। उसकी मां अन्य लोगों के साथ वहां पहुंच गई और आरोपी को रंगेहाथों पकड़ लिया।

### मेरठ में भाजपा नेता के साथ मारपीट

मेरठ। मेरठ में लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के भूमिया पुल पर शनिवार की देर रात कार से बाइक साइड लगने विवाद हो गया। जिसके बाद गाजियाबाद के गोविंद पुरम निवासी भाजपा नेता की कार में बाइक सवार विशेष संप्रदाय के युवकों ने तोड़फोड़ की और भाजपा नेताओं के साथ मारपीट की। जिससे एक युवक घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान बाइक सवार आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल भाजपा नेता को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद स्थित गोविंदपुरम के रहने वाले भाजपा नेता राजीव कुमार अपनी कार से तीन साथियों के साथ किसी काम से नौचंदी थाना क्षेत्र के कुटी चौराहा जा रहे थे। भाजपा नेता की कार लिसाड़ी गेट के भूमिया के पुल पर पहुंची तभी उनकी कार से एक बाइक में मामूली सी साइड लग गई। भाजपा नेता के अनुसार इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने गाली गलौज सुनकर भाजपा नेता डरते हुए अपनी कार को भगाने लगे। उनकी कार हापुड रोड स्थित इस्लामाबाद चौकी के निकट पहुंची तो बाइक सवार आरोपियों ने उनकी कार को ओवरटेक करते हुए रोक लिया। और तोड़फोड़ शुरू कर दी।

### तेज रफ्तार कार ने मासूम को रौंदा

रायबरेली। रायबरेली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने 8 वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते मासूम बुरी तरह से घायल हो गया। आसपास के लोग और पुलिस से लेकर बछरावां सीएचसी पहुंचे। जहां पर डाक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन जैसे ही मासूम इलाज के लिए लखनऊ पहुंचा वहा उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों को सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद है। पूरा हादसा बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत का है। घटना शनिवार रात 10 बजे के आसपास की है। कस्बे के पटेल नगर निवासी दीपचंद्र गुप्ता का पुत्र आयुष उम्र 8 वर्ष पटेल नगर कॉलोनी के अंदर गया था। वहाँ से वापस घर आते समय वह रोड पार कर रहा था। इसी दौरान रायबरेली की तरफ से आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। घर पास में होने की वजह से परिजनों को इसकी सूचना तुरंत मिल गयी। घायल आयुष को उपचार के लिए बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया था। मृतक के पिता दीपचंद्र कस्बे में लईया, पट्टी वा मोमफली का ठेला लगाते हैं। उनके दो लड़कियां और एक लड़का था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने तक मृतक का पोस्टमॉर्टम लखनऊ में हो चुका था।

# डॉक्टर से मंगवा लीजिए इस्टीमेट, सरकार देगी इलाज का पैसा : सीएम

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

# हरदोई : धान के खरीदार की फर्म में लगी आग

## 50 लाख के नुकसान की आशंका

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में रविवार तड़के मंडी समिति में एक धान खरीदने वाली व्यापारी की फर्म में आग लग गई। फर्म में धान खरीदने के लिए 20 लाख से अधिक खाली बोरे रखे हुए थे। जो जलकर खाक हो गए और करीब पचास लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

बताया जाता है कि दुकान के पीछे कूड़े के ढेर में किसी अज्ञात कारण से आग लगने की वजह से आग की चिंगारी किसी तरह से खाली बोरों में पहुँच गयी और बोरो में आग सुलगने लगी और धीरे-धीरे आग पूरे गोदाम में फैल गई और ऊंची ऊंची लपटों के साथ खाली बोरे जलने लगे जिसके बाद लोगों की नजर आग पर पड़ी तो लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर कुछ ही देर में दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई लेकिन आग इतनी विकराल थी जिसके बाद आसपास के कस्बों की भी दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया लेकिन तब तक गोदाम में रखे करीब 50 लाख रुपए से अधिक के खाली बोरों के बण्डल जलकर ख़ाक हो चुके थे।मौके पर मौजूद दमकल की कई गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए लगभग सात घंटे लग गए जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि शहर कोतवाली इलाके में मंडी समिति में रामधन बाबूराम की अनाज खरीदने वाली फर्म में लगी। आशंका जताई जा रही है कि फर्म के पीछे कूड़े के ढेर में किसी वजह से लगी आग से धान के खाली बोरों में पहुंची चिंगारी से बोरो में आग लग गयी।

# बुलन्दशहर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार



बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जनपद की सलेमपुर पुलिस और एसटीएफ नोएडा की चिट्ठा गेट के पास रविवार तड़के हुई मुठभेड़ में इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के श्लोक कुमार ने बताया कि एसटीएफ टीम गौतमबुद्धनगर व थाना सलेमपुर पुलिस एक सूचना के आधार पर धतूरी बॉर्डर पर सुबह तड़के संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी, उसी समय बुलन्दशहर की ओर से एक स्विफ्ट डिजायर कार आती दिखायी दी जिसको रूकने का इशारा किया गया तो बदमाश तेज रफ्तार से बैरियर को टक्कर मारता हुआ सलेमपुर की तरफ भागने लगा। एसटीएफ व थाना पुलिस द्वारा बदमाश की कार का पीछा किया गया तो ग्राम चिट्टा गेट के पास उसकी कार बाउण्ड्री वाल से टकरा गयी। जिस पर बदमाश ने अपने को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हुआ, जिसको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार घायल बदमाश की पहचान धर्मेन्द्र पुत्र देशराज ग्राम छायसा जनपद फरीदाबाद हरियाणा के रूप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का बदमाश हैं जिसने अपने साथियो के साथ मिलकर 19- नवंबर 2023 की रात्रि में निभैडा के जंगल में ले जाकर सागर की हत्या कर दी थी जिसके सम्बंध मे थाना सलेमपुर पर धारा 364/302/201/120बी/34 भादवि पंजीकृत है। जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 25,000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था तथा धर्मेंद्र का आपराधिक इतिहास है।

### आम के बाग में लटका-मिला युवक का शव

कासगंज। कासगंज में आम के बाग में अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने पेड़ पर शव को लटका देखा तो इलाके मे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटके होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम को भेजा। मौके पर फॉरेंसिंक की टीम सैंपल ले रही है। घटना कोतवाली पटियाली क्षेत्र के धूमरी रोड की है। धूमरी रोड पर आम के बाग में युवक का शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारा। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त का काफी प्रयास की, लेकिन पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर सकी। मौके पर फॉरेंसिक टीम सबूत जुटाने में लगी है। सीओ पटियाली डीके पंत ने कहा की युवक का शव पेड़ से लटके मिलने की सूचना मिली थी। शव को देखकर लग रहा है की युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

# औरैया में सड़क हादसे में पिता-पुत्री समेत 3 की मौत

## 6 घायल सैफई रेफर, एक्सप्रेस-वे पर वाहन का इंतजार कर रहे 9 को कार ने रौंदा




**औरैया।** औरैया में रविवार को दोपहर में वाहन का इंतजार कर रहे 9 लोगों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया और हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। हादसे में सभी लोग घायल हो गए और चीख पुकार मच गई। पुलिस ने हाईवे की पेट्रोलिंग टीम की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टरों ने पिता-पुत्री समेत 3 को मृत घोषित कर दिया। 6 घायलों की हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हादसा एरवाकटरा थाना क्षेत्र में उमरैन के समीप आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ है।

एरवा कटरा के गांव नगला पहाड़ी निवासी रमन सिंह फतिहाबाद में एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पत्नी कल्पना, दस वर्षीय बेटी गुनगुन, तीन वर्षीय बेटे यश और परिवार की 25 वर्षीय अलका पत्नी सोनू, 8 वर्षीय आराध्या पुत्री सोनू के साथ निकले थे। एक्सप्रेस वे कट पर वाहन का इंतजार कर रहे थे।

उनके साथ रामपुरा निवासी आरती पत्नी सतीश, प्रियम पुत्री महेंद्र सिंह, राजेश पुत्र बटेश्वर व रवि पुत्र राजेश दिल्ली जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे।

इसी दौरान तेज रफ्तार कार आई और वाहन का इंतजार कर रहे 9 लोगों को रौंदते हुई निकल गई। जिससे एक्सप्रेस-वे पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस व एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने नगला पहाड़ी निवासी आराध्या (8) पुत्री सोनू सिंह, गुनगुन (10) पुत्री रमन सिंह और रमन सिंह (40) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### घायलों को सैफई रेफर किया गया

सीओ बिधूना अशोक कुमार ने बताया कि तीन लोगों की मौत हो जाने की पुष्टि हो रही है। अन्य घायलों का उपचार कराया जा रहा है। कुछ घायलों को सैफई रेफर किया गया है। कार की तलाश में एक्सप्रेस-वे के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# यूपी में पारा 7.8 डिग्री पहुंचा, कल से और बढ़ेगी सर्दी

## बरेली सबसे ठंडा, कानपुर में कोहरे से 17 ट्रेनें लेट; 800 से ज्यादा टिकट कैंसिल



कानपुर। यूपी में दिसंबर महीने में अब कड़ाके की ठंड की शुरुआत होने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक, हिमालय से एक पश्चिमी विक्षोभ टकराने वाला है। इससे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी शुरू होगी। इसके असर से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ेगी। मौसम खुलने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को प्रदेश में बरेली में न्यूनतम तापमान 7.8°C रिकॉर्ड किया गया। वहीं, बिजनौर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। आगरा का अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे अधिक रहा। इधर, कोहरे के चलते ट्रेनों की रफ्तार कम हो गई है। 24 घंटे में कानपुर सेंट्रल स्टेशन से होकर चलने वाली 17 ट्रेनें सात घंटे तक लेट रहीं। 800 से ज्यादा टिकट कैंसिल हुए। CSA यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, ठंड अब तेजी से बढ़ना शुरू होगी। बरेली में तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। यहां पारा 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद मेरठ, बागपत और मुजफ्फरनगर की रातें भी ठंडी रहीं। यहां 9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। यूपी में अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा था। लेकिन अब इसमें गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को औसत तापमान 25 डिग्री तक रहा।

### मिर्जापुर में 350 जोड़ों की हुई शादी

मिर्जापुर। मिर्जापुर नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में रविवार को 350 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सप्तपदी, कन्या और सिंदूर दान की रस्म अदा की गई। परिजनों की उपस्थिति में एक दूसरे के जीवनसाथी बने। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए वर-वधू सनातन संस्कृति के अनुसार विवाह संस्कार में बंधकर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। भव्य पंडाल में जुटे परिजनों और बैंड बाजा के साथ शहनाई की गूंज के साथ विवाह संपन्न हुआ। आर्थिक तंगी के कारण बिटिया के हाथ पीला करने में आ रही बाधा को मुख्यमंत्री के सामूहिक विवाह योजना ने दूर किया। मंगल ध्वनि और वेद मंत्रो के बीच सप्तपदी, हवन, सिंदूरदान के साथ ही एक-दूजे का जीवन भर साथ निभाने का वादा किया गया। क्षेत्रीय सांसद अनुप्रिया पटेल ने बताया कि विवाह में प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार खर्च किया जा रहा है, जिसमें से 35 हजार वधू के खाते में 10 हजार का उपहार एवं 6 हजार व्यवस्था में खर्च हो रहा है। सामूहिक विवाह के आयोजन पर उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# नदी के किनारे सेल्फी ले रहे दो युवक डूबे

सोनभद्र। सोनभद्र के ओबरा थाना क्षेत्र के रेणुका नदी के किनारे सेल्फी ले रहे दो दोस्त नदी में तेज बहाव के चलते डूब गए। घटना के दौरान इन दोनों का एक अन्य मित्र भी, उनके साथ मौजूद था, जिसने परिजनों को दोनों के डूबने की सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की तलाश गोताखोर बुलाकर शुरू कर दी, लेकिन दोनों का पता नही चल सका, मौके पर मौजूद पुलिस, नदी में डूबे दोनों मित्रों की तलाश में जुटी हुई है।वही मौका पाकर तीसरा मित्र मौके से फरार हो गया।

सोनभद्र के ओबरा थाने में तैनात गाजीपुर के बरदहा निवासी पुलिस कर्मी सुभाष मौर्य के यहां मांगलिक कार्यक्रम आयोजित था। उसी सिलसिले में उनका भाई मुकेश मौर्य 25 वर्ष पुत्र बेनी प्रसाद मौर्य पहुंचा हुआ था।

कार्यक्रम के ही सिलसिले में ओबरा थाने में तैनात दीवान अरविंद कुमार निवासी जादूराजा थाना शादियाबाद गाजीपुर का भतीजा अंकित कुमार 16 वर्ष भी पहुंचा हुआ था। वही ओबरा थाने में ही तैनात एक पुलिसकर्मी का रिश्तेदार आशुतोष कुशवाहा 29 वर्ष पुत्र विद्याधर निवासी मांडा खास प्रयागराज भी ओबरा आया हुआ था।

# कुशीनगर में पुलिस ने 4 पशु तस्करों को किया गिरफ्तार

## पुलिस मुठभेड़ में 2 घायल, दो पिकअप से 12 गोवंश और अवैध शस्त्र बरामद



कुशीनगर। कुशीनगर में कसया थाना क्षेत्र के पकवाइनार सिरसिया रोड के पास पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने 2 घायल समेत तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस टीम ने पिकअप वाहन से तस्करी करके वध के लिए ले जाए जा रहे 12 गोवंशीय पशुओं और अवैध शस्त्र को बरामद किया है।

कसया पुलिस को सूचना मिली की कुछ लोग पिकअप से अवैध तरीके से गोवंशीय पशुओं को गोरखपुर से बिहार ले जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर कसया पुलिस व प्रभारी निरीक्षक पडरौना कोतवाली एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हेतिमपुर के पास गाढ़ा बन्दी कर चेकिंग कर रही थी। तभी दो पिकअप सामने से आते हुए दिखाई दिए।

जिसको रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार लोगों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से वाहन चढ़ाने का प्रयास करते हुए वाहन को सिरसिया की ओर भागने लगे। जिसके बाद अभियुक्तों ने पुलिस टीम से चारों तरफ से घिरता देख गोली चलायी। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त शाह आलम पुत्र मुख्तार आलम निवासी अहिरौली जिला गोपालगंज बिहार, एहसान अली पुत्र सौकत अली निवासी अहिरौली, गोपालगंज घायल हो गये। जिनको गिरफ्तार कर लिया गया और दो भाग रहे अभियुक्तों को पुलिस टीम ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान मेहताब अली उर्फ सोनू और शेर मोहम्मद निवासी तमकुहीराज के रूप में पहचान हुई है।

### 12 राशि गोवंश बरामद

पुलिस टीम ने पिकअप वाहनों से तस्करी कर वध के लिए ले जाए जा रहे 12 राशि गोवंश बरामद किया है। इन अभियुक्तों के पास से 2 तमंचा 315 बोर व 2 अदद फायर खोखा कारतूस और 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

# मिर्जापुर में सड़क हादसे में टैम्पों सवार 7 लोग घायल

मिर्जापुर। जमालपुर थाना क्षेत्र के जीवनाथपुर- कंचनपुर स्टेट हाईवे पर जलालपुर चौराहे के पास सड़क हादसे में टैम्पों सवार 7 लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जांच के दौरान 3 को गंभीर चोट लगने के कारण वाराणसी ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया गया। जबकि चार अन्य का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया। हादसा चालक को झपकी आने से होना बताया गया है।

बताया गया कि चालक सवारियों को लेकर आ रहा था रविवार की सुबह करीब तीन बजे झपकी आने से टेम्पों अनियंत्रित होकर पलट गई। टेम्पों में सवार सात लोग घायल हो गए। जानकारी मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल अदलहाट थाना क्षेत्र के भलवा निवासी शिवेश पुत्र शाहिद (24), साहिल पुत्र शकीर(21) और खालिद पुत्र मेंहदी हसन(15) का प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

### शादी समारोह से घर लौट रहे थे सभी

अदलहाट थाना क्षेत्र के भलवा गांव के चार अन्य घायलों गुलफाम पुत्र वादिल 18 , जावेद पुत्र शरीफ 15 , इद्रीश पुत्र खैरूल्ला 45 और मोहम्मद आमिर पुत्र नवाज 33 का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया।

### नदी में उतराता मिला युवक का शव

बहराइच। बहराइच में लखनऊ हाईवे के गोलवाघाट सरयू नदी में एक युवक का शव उतराता हुआ दिखाई पड़ा। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। पहचान न होने पर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कर शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है। 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्ट पुलिस करवाएगी। देहात कोतवाली के बहराइच- लखनऊ हाईवे के गोलवाघाट सरयू नदी में लोगों ने एक युवक का शव उतराते देखा। तो लोगों की भीड़ लगने लगी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। देहात कोतवाल ब्रह्म गोंड, टिकोरा मोड़ चौकी प्रभारी अनुराग प्रताप सिंह, तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी विकास कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे। फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंची। नदी से शव निकलवाया गया। युवक की आयु लगभग 22 वर्ष रही होगी। कद काठी औसत मज़बूत दिखी।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर पर

**मुंबई ।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 01 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.08 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 533.6 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 99.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 47.33 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.25 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 50 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.85 अरब डॉलर हो गई।

### फेड ने दरें घटा दीं तो लंबी चलेगी चांदी की दौड़, निवेशकों को भी रहना चाहिए तैयार

सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने पिछले करीब एक साल में 16.4 फीसदी का औसत रिटर्न दिया है, जबकि इसी दौरान गोल्ड ईटीएफ का रिटर्न 15.1 फीसदी ही रहा है। एडलवाइस असेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) ने पिछले दिनों सिल्वर ईटीएफ पेश किया है। पहले से चल रहे नौ ईटीएफ 2,845 करोड़ रुपये संभाल रहे हैं। लेकिन इन्हें अपने पोर्टफोलियो में शामिल करने से पहले निवेशकों को इस धातु की चाल-ढाल समझ लेनी चाहिए। चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग का इसकी हालिया दौड़ में बहुत बड़ा हाथ है। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी (सीईओ) ए बालसुब्रमण्यन कहते हैं, 'पिछले एक साल में चांदी के भाव चढ़ने के दो मुख्य कारण हैं ङ्क भूराजनीतिक अनिश्चितताएं और चांदी की मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होना। इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर पैनल जैसी पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों पर जोर होने और 5जी तकनीक का अधिक इस्तेमाल होने के कारण मांग और आपूर्ति का अंतर बढ़ा है क्योंकि इन सभी में चांदी प्रमुख घटक होती है। चांदी के गहनों की मांग भी बढ़ती जा रही है।' सिल्वर इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कैलेंडर वर्ष में चांदी की वैश्विक मांग 18 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। यह मांग गहनों, उद्योग और चांदी की छड़ों तथा सिक्कों समेत सभी श्रेणियों से आई।

### अदाणी ने 7 लाख करोड़ रुपये निवेश की 'ग्रीन' पहलों का ब्योरा दिया

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अगले 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय के रूप में सात लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना से संबंधित कुछ विवरण साझा किए हैं। इस निवेश से बुनियादी ढांचे के विकास में समूह की स्थिति और मजबूत होगी। अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर समूह की निवेश योजनाओं के तहत अपनी 'ग्रीन' पहलों के बारे में जानकारी दी है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने शेयर बाजार को बताया कि समूह ने भारत में सबसे बड़े बुनियादी ढांचा विकासकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए अगले 10 वर्षों में सात लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की योजना बनाई है। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड खनन, हवाई अड्डों, रक्षा एवं वैमानिकी, सौर विनिर्माण, सड़क, मेट्रो और रेल, डेटा केंद्रों और संसाधन प्रबंधन तक कारोबार का विस्तार कर रही है। समूह का बंदरगाह व्यवसाय हरित अभियान पर खासतौर से ध्यान दे रहा है। अदाणी ने एक्स पर लिखा, हम वर्ष 2025 तक देश में एकमात्र कार्बन-तटस्थ बंदरगाह संचालक के रूप में एक राष्ट्रीय मानदंड स्थापित करेंगे और वर्ष 2040 तक एपीएसईजेड शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। उन्होंने लिखा, हमारे जलवायु-अनुकूल बदलावों में सभी क्रेनों का विद्युतीकरण करना, सभी डीजल-आधारित वाहनों को बैटरी-आधारित वाहनों में बदलना शामिल है।

### कमर्शियल वाहनों की बिक्री पर चुनावी ब्रेक, इस वजह से आई वाहन बाजार में गिरावट

वाहन उद्योग के आंतरिक सूत्रों का मानना है कि चुनाव आचार संहिता के कारण नकदी के प्रचलन पर रोक लगने से त्योहारी अवधि के बाद वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है। चुनाव के दौरान नकदी लेनदेन की सीमा 2 लाख रुपये है। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से पता चला है कि दीवाली वाले महीने यानी नवंबर में वाणिज्यिक (कमर्शियल) वाहनों की बिक्री करीब 2 फीसदी घटकर 84,586 वाहन रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 86,150 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई थी। अक्टूबर के मुकाबले बिक्री में 4.64 फीसदी की गिरावट आई। फाडा के आंकड़े खुदरा बिक्री यानी डीलरों द्वारा ग्राहकों को की गई वास्तविक बिक्री को दर्शाते हैं। वाणिज्यिक वाहन बाजार की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स की बिक्री नवंबर में 8 फीसदी घटकर 29,700 वाहन रह गई। फाडा के अनुसार, वाणिज्यिक वाहन बाजार में टाटा मोटर्स की बाजार हिस ?सेदारी नवंबर तक 35 फीसदी थी। अशोक लीलैंड की बिक्री भी नवंबर में 9 फीसदी घटकर 12,946 वाहन रह गई।

### यूरोपीय संघ के कार्बन टैक्स से वैश्विक कारोबार पर असर, उत्सर्जन नहीं घटेगा

धातुओं जैसे कुछ क्षेत्रों पर 2026 से कार्बन कर लगाने के यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले से वैश्विक व्यापार को नुकसान होगा और कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद नहीं मिलेगी। थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को यह आशंका जताई। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि यूरोपीय संघ के आयुक्त वोपके होकेस्ट्रा ने एक बयान में कहा है कि 'कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली' (सीबीएएम) का एकमात्र उद्देश्य कार्बन रिसाव को रोकना है और इसमें कई बड़ी 'खामियां' हैं। इसके मुताबिक, जीवाश्म ईंधन ग्रीनहाउस में 90 प्रतिशत और कार्बन उत्सर्जन में 75 प्रतिशत योगदान देता है और अगर कार्बन उत्सर्जन से मुक्ति का लक्ष्य है तो यूरोपीय संघ को जीवाश्म-ईंधन के आयात पर भारी कर लगाना चाहिए। GTRI के को-फाउंडर अजय श्रीवास्तव ने कहा, कार्बन रिसाव का आशय यूरोपीय संघ में कार्बन की कीमतों का भुगतान करने से बचने के लिए कमजोर पर्यावरणीय नियमों वाले देशों में उत्पादन स्थानांतरित करने से है। इस पर लगाम का उद्देश्य सिर्फ यूरोपीय संघ की उन कंपनियों से आयात पर कर लगाकर हासिल किया जा सकता था, जिन्होंने उत्पादन को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है।

### शहरी भारत की नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी कम, दूसरी तिमाही में टूटे 6 साल के रिकॉर्ड

भारत के शहरी इलाकों में रेगुलर सैलरी पर काम करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी कम होती जा रही है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के लेटेस्ट तिमाही डेटा की एनालिसिस से पता चलता है कि वित्त वर्ष 24 की सितंबर तिमाही में नौकरियों को लेकर महिलाओं की हिस्सेदारी नए निचले स्तर पर पहुंच गई। इसकी मुख्य वजह यह भी है कि कंपनियां अब अपने कर्मचारियों को ऑफिस बुला रही हैं। डेटा की एनालिसिस से पता चला है कि नौकरियों पर काम करने वाली कुल महिलाओं में रेगुलर सैलरी पर काम करने वाली महिलाओं की संख्या वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में घटकर 52.8 फीसदी हो गई है, जबकि वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में यह 54 प्रतिशत थी। जब से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में तिमाही के आधार पर PLFS सर्वे जारी करना शुरू किया है, यह पिछले छह सालों में किसी भी तिमाही में वेतन रोजगार में महिलाओं की सबसे कम हिस्सेदारी है। वित्तीय वर्ष 2011 की पहली तिमाही में मजदूरी के काम में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 61.2 प्रतिशत थी। रोजगार के 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' माप का उपयोग करते हुए यह सर्वेक्षण किसी व्यक्ति को एक सप्ताह की निश्चित अवधि के दौरान उसके द्वारा किए गए काम को देखता है और उसके मुताबिक उसके रोजगार को क्लासिफाई करता है यानी काम के अनुसार यह बांटता है कि वह व्यक्ति क्या कर रहा है।

# इस दशक के अंत तक भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : उपराष्ट्रपति


रांची। झारखंड के एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के टाटा ऑडिटोरियम में प्लैटिनम जुबली समारोह का आज आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मौजूद थे।उन्होंने टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए सफलता पूर्वक 75 साल पूरे करना बड़ी बात होती है। लेकिन जब किसी संस्थान के 75 साल होने के बाद भी जब उसके प्रति लोगों में सम्मान का भाव रहे तो यह वाकई में गौरवान्वित करने वाली बात होती है।

उन्होंने एक्सएलआरआई को उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के 75 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, एक्सएलआरआइ अकादमिक उत्कृष्टता, नैतिक नेतृत्व, व्यापक भलाई के प्रति प्रतिबद्धता की गहरी भावना पैदा करने के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह संस्थान प्रबंधन शिक्षा में हमारे देश के पहले बिजनेस स्कूल के रूप में गौरवपूर्ण स्थान रखता है। पिछले 75 वर्षों में इसने ऐसे बिजनेस लीडर तैयार किए जो न केवल सफल लीडर हैं बल्कि दयालु इंसान भी हैं, जो निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने के लिए तैयार हैं।

एक्सएलआरआई ने ऐसे बिजनेस लीडर को तैयार करके भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जो न केवल आर्थिक प्रगति करने में



सक्षम हैं, बल्कि हमारे समाज के नैतिक मूल्यों और इसकी जरूरतों का पोषण करने में भी सक्षम हैं।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, लेकिन इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनेगी। कहा कि विश्व बैंक ने भी यह माना है कि डिजिटल समावेशन के लिए भारत ने 6 वर्षों में जो हासिल किया है, उसे करने में दुनिया को आमतौर पर 47 साल लग जाते हैं।यह संभव हो पाया है जवाबदेह व पारदर्शी गर्वनेंस मॉडल के कारण।

धनखड़ ने कहा कि भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम इतना शानदार है कि इसे सिंगापुर जैसे देश ने भी अपनाया। यूपीआई लेनदेन के मामले में भारत अकेले यूके, यूएस, जर्मनी और फ्रांस की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के डिजिटल भुगतान को पार करते हुए 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हमारा लेन-देन इन देशों के लेन-देन से 4 गुना अधिक होता है। हमारी प्रति व्यक्ति मोबाइल डेटा खपत एक महत्वपूर्ण संकेतक है, यह तकनीकी पहुंच को दर्शाता है। इसके व्यापक उपयोग का मतलब है कि गांवों, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों में लोगों ने इसका उपयोग करना शुरू कर दिया है। बैंकों को सोना और अब हमारा विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 600 बिलियन है, एक बड़ी उपलब्धि है. आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर खड़े हैं, यह वास्तव में एक परिवर्तनकारी युग है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से प्रेरित है।

इस दौरान झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी सभी को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि एक्सएलआरआई पिछले 75 वर्षों से प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। कहा कि सफल पूर्व छात्र इस बात को प्रदर्शित करते हैं कि यहां की शिक्षा कितनी प्रभावशाली है।वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और हमारे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

एक्सएलआरआई की प्लैटिनम जुबली न केवल चिंतन का समय है, बल्कि भविष्य के नेताओं को आकार देने के लिए इस विकासशील दुनिया में आगे बढ़ने का अवसर भी है। मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने भी संबोधित किया. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्सएलआरआइ के छात्रों को भारतीय संसद का दौरा करने के लिए भी आमंत्रित किया है।

साथ ही कहा कि 31 जनवरी 2024 से पहले इंटरनेशनल काउंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स व एक्सएलआरआइ के बीच एक एमओयू होगा, जिसके जरिए नये आइडिया का आदान प्रदान हो सकेगा।

# उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान के लिए सुनहरा अवसर उपलब्ध करा रही योगी सरकार

## मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न महोत्सव व कार्यशाला का भी आयोजन कर चुकी है यूपी सरकार

लखनऊ। 10 दिसंबर: 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास भी किए गए। वहीं योगी सरकार भी श्रीअन्न व इससे जुड़े किसानों के उत्थान पर विशेष कार्य कर रही है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए हाल में ही योगी सरकार ने श्रीअन्न महोत्सव व कार्यशाला का भी आयोजन किया था। वहीं अब उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स बीज उत्पादन हेतु सीडमनी, मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केंद्र, मिलेट्स मोबाइल आउटलेट एवं मिलेट्स स्टोर की स्थापना के लिए योगी सरकार अनुदान देने का सुनहरा अवसर उपलब्ध करा रही है। इसके लिए 11 दिसंबर दोपहर 12 बजे से 16 दिसंबर रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन/बुकिंग की जा सकती है। स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक संगठन/उद्यमी/कृषकों के द्वारा मिलेट्स मोबाइल आउटलेट/मिलेट्स स्टोर में से किसी एक के लिए ही आवेदन किया जाएगा।

### मिलेट्स बीज उत्पादन के लिए सीडमनी

मिलेट्स बीज उत्पादन हेतु सीडमनी के तहत कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) आवेदन कर सकेंगे। इस पर प्रति एफपीओ चार लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत वे एफपीओ ही लाभ उठा पाएंगे, जिन्होंने खरीफ-2023 में मिलेट्स के बीज का उत्पादन कराया हो और 100 क्विंटल मिलेट्स के विभिन्न फसलों के बीज सही प्रक्रिया से निकालकर भंडारित कर लिया गया हो।

### मिलेट्स प्रसंस्करण व पैकिंग सह विपणन केंद्र

वहीं मिलेट्स प्रसंस्करण व पैकिंग सह विपणन केंद्र के लिए भी उद्यमी व कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) आवेदन कर सकते हैं। एफपीओ कम से कम तीन वर्ष पुराने हों और इनका 100 लाख रुपये का टर्नओवर हो, वही पात्र माने जाएंगे। अनुदान के लिए अर्हता डी.पी. आर. के अनुसार लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 47.50 लाख रुपये होनी चाहिए।

### मिलेट्स मोबाइल आउटलेट व मिलेट्स स्टोर

मिलेट्स मोबाइल आउटलेट एवं मिलेट्स स्टोर के लिए स्वयं सहायता समूह/ कृषक उत्पादक संगठन/ उद्यमी/ कृषक आवेदन कर सकते हैं। डी.पी. आर. के अनुसार मिलेट्स मोबाइल आउटलेट के लिए अधिकतम 10 लाख एवं मिलेट्स स्टोर हेतु अधिकतम 20 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। विभाग की ओर से तय पात्रता के अनुसार वह कम से कम तीन वर्ष पुराने एवं मोबाइल आउटलेट के लिए वाहन तथा मिलेट्स स्टोर के लिए दुकान उपलब्ध हो। आवेदक संस्था के बैंक खाते में 10 लाख रुपये की पूंजी होना भी अनिवार्य है।

### आवेदन की प्रक्रिया

आवेदन के लिए पात्रता सर्वे एवं आवेदन की पूरी प्रक्रिया विभागीय पोर्टल (www.agriculture.up.gov.in) पर उपलब्ध है।

आवेदक द्वारा विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु उपलब्ध लिंक पर विवरण भर कर सबमिट करना होगा। रजिस्ट्रेशन का प्रिंट प्राप्त होने पर आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेखों की चेकलिस्ट भी प्राप्त होगी। आवेदनकर्ता द्वारा रजिस्ट्रेशन के प्रिंट को अन्य समस्त वांछित अभिलेखों सहित संबंधित जनपदीय उप कृषि निदेशक कार्यालय में जमा किया जाएगा।

# केरल में कॉयर सेक्टर को प्रदूषणकारी उद्योग की श्रेणी से हटाएं : डी कुप्पुरामु

कोच्चि। कॉयर बोर्ड के अध्यक्ष डी कुप्पुरामु ने रविवार को केरल सरकार से राज्य में नारियल किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए कॉयर क्षेत्र को प्रदूषणकारी उद्योग की श्रेणी से हटाने का आग्रह किया।

कॉयर बोर्ड के अध्यक्ष ने बात करते हुए कहा कि कॉयर उद्योग को रेड श्रेणी के तहत वर्गीकृत किया गया है, जिससे व्यवसायियों को केरल छोड़ने और राज्य के बाहर अपनी विनिर्माण इकाइयों और दुकानों को खोलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

उन्होंने आरोप लगाया, लाल श्रेणी के रंग कोड के तहत कॉयर उद्योग का वर्गीकरण उत्पादन और किसानों के हित को प्रभावित करेगा। कुछ बाजार ताकतें किसानों के हित और देश में पारंपरिक कॉयर क्षेत्र के विकास के खिलाफ काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानदंडों के अनुसार, उद्योगों को उनके प्रदूषण स्तर के आधार पर लाल, नारंगी, हरा और सफेद श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। लाल श्रेणी उच्च प्रदूषण स्तर के अंतर्गत आती है



और सफेद श्रेणी प्रदूषण स्तर में नहीं आती है।

उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय से नारियल किसानों और उद्यमियों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करने का आह्वान करते हुए कहा कि पारंपरिक नारियल क्षेत्र कई लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है और देश की कृषि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

यह इंगित करते हुए कि केरल की कृषि का पतन चिंताजनक है, उन्होंने कहा कि राज्य, गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है और कृषि उत्पादों के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर है, कृषि क्षेत्र के पुनरुद्धार को कम से कम प्राथमिकता दे रहा है।

# सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी, दालें सस्ती

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी रही जबकि अधिकांश दाल-दलहनें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 103 रिंगिट लुढ़ककर 3630 रिंगिट प्रति टन रह गया।

इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.93 सेंट की गिरावट के साथ 51.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

इस दौरान सोया रिफाइंड 74 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19890 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11355 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9866 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये और उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं मूंग दाल और अरहर दाल पुराने स्तर पर पड़ी रही।

सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 10300-10400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के भाव स्थिर रहे। चीनी और गुड़ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# फेड रिजर्व के निर्णय और महंगाई आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई । वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े तीन प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह नीतिगत दरों पर फेड रिजर्व के निर्णय और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले महंगाई आंकड़े तय करेंगे।

बीते सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत करने के साथ ही महंगाई पर लगाम लगाए रखने के लिए नीतिगत दरों को एक बार फिर से यथावत रखने के निर्णय का भी बाजार पर सकारात्मक असर रहा। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2344.41 अंक अर्थात 3.5 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69825.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 701.5 अंक यानी 3.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 20969.40 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर



रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 704.15 अंक अर्थात 2.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 35290.91 अंक और स्मॉलकैप 538.41 अंक यानी 1.33 प्रतिशत मजबूत होकर 41104.37 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी की नीतिगत दरों पर अगले सप्ताह 12-13 दिसंबर को बैठक होने वाली है। बैठक के निर्णयों पर निवेशकों की नजर रहेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा।

एफआईआई ने इस वर्ष पिछले लगातार तीन महीने अगस्त, सिंतबर और अक्टूबर में जबरदस्त बिकवाली के बाद नवंबर में 5,795.05 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की है। साथ ही दिसंबर में अबतक बाजार में उनका शुद्ध निवेश 10,874.72 करोड़ रुपये का रहा है। एफआईआई अगस्त में 20,620.65 करोड़ रुपये, सितंबर में 26,692.16 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 29,056.61 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह मंगलवार को नवंबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई और गुरुवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह गुरुवार की गिरावट को छोड़कर चार दिन बाजार ने नये रिकॉर्ड बनाए। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 1383.93 अंक की उड़ान भरकर 68865.12 अंक और निफ्टी 418.90 अंक की तेजी लेकर 20686.80 अंक पर रहा।

विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की बिकवाली थमने से यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज और कमोडिटीज समेत चौदह समूहों में साढ़े छह प्रतिशत की तेजी से मंगलवार को सेंसेक्स 431.02 अंक की छलांग लगाकर 69,296.14 अंक और निफ्टी 168.30 अंक की तेजी के साथ 20,855.10 अंक पर रहा। अमेरिका और भारत दोनों देशों में महंगाई में कमी और यील्ड में गिरावट से एफआईआई के निवेश में तेजी आने से स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 357.59 अंक उछलकर 69,653.73 अंक पर और निफ्टी 82.60 अंक मजबूत होकर 20,937.70 अंक हो गया।

# मजबूत जीडीपी, महंगाई-बेरोगजारी पर नकेल व आर्थिक कॉरिडोर

## 2023 में विकसित भारत की ओर ऐसे बढ़े कदम

एजेंसी

नई दिल्ली। साल 2023 के दिसंबर महीने की शुरुआत हो गई है। इस साल भारत ने आर्थिक मोर्चे पर कई उपलब्धियां हासिल की है। साल 2023 में देश की अर्थव्यवस्था एक नए मुकाम की ओर बढ़ रही है। भारत को विकासशील देश से विकसित देश बनाने की यात्रा शुरू हो गई है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद जीडीपी और महंगाई के मोर्चे पर साल 2023 में भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। साल 2023 में भारत ने जी 20 का सफल आयोजन कर दुनिया को नई राह दिखाई। वहीं इस आयोजन के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के सशक्त बनने का रास्ता भी साफ हुआ।

भारत में आयोजित जी 20 समिट के दौरान भारत से यूरोप तक नया स्पाइस कॉरिडोर या आर्थिक कनेक्टिविटी कॉरिडोर बनाने पर भी सहमति बनी जो एक तरह से चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का तोड़ है। हाल ही में इटली ने बीआरई प्रोजेक्ट से होने की घोषणा कर एक तरह से भारत की परियोजना के साथ अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी है। आइए नजर डालते हैं साल 2023 में आर्थिक मोर्चे पर भारत की उपल्ब्धियों पर।

### जीडीपी की रफ्तार बनाए रखने में सफल

तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत साल 2023 में अपनी मजबूत वृद्धि दर बनाए रखने में सफल रहा है। सकल घरेलू उत्पाद पर रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के आंकड़ों से सकारात्मक से भी संदेश मिला है। एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। एजेंसी का मानना है कि अर्थव्यवस्था के सामने पैदा होने वाले प्रतिकूल हालात की भरपाई मजबूत वृद्धि दर से होगी। ऐसे में जीडीपी के मोर्चे पर साल 2023 में भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। आने वाले समय में देश की जीडीपी 6 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनी रह सकती है। भारत के केंद्रीय बैंक- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मौजूदा और अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। सरकार के मुताबिक मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी।

# जेरोधा के संस्थापक की सैलरी का हुआ खुलासा

नई दिल्ली। जेरोधा के संस्थापक नितिन कामत और निखिल कामत की सालाना वेतन को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। बताया जा रहा है कि दोनों को इस साल 72-72 करोड़ रुपये वेतन मिला है। यह जानकारी कंपनी ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) को दी है। इसके बाद कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के वेतन को लेकर बहस छिड़ गई है, क्योंकि कर्मचारियों के पास उनके वार्षिक पैकेज का एक अंश से भी कम है। वित्त वर्ष 2023 में स्टार्ट-अप कंपनियों में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले कामत भाई हैं। यह लोग शीर्ष स्थान पर हैं, जबकि ओयो के सीईओ रितेश अग्रवाल 12 करोड़ रुपये के वार्षिक वेतन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं दो साल पहले, नितिन और निखिल कामत दोनों का वेतन 100 करोड़ रुपये था। तब भी विवाद हुआ था, जिसके बाद नितिन ने एक स्पष्टीकरण जारी किया था। उन्होंने बताया था कि यह जानकारी गलत है। उन्हें इतना वेतन नहीं मिला था। कामत भाइयों ने जेरोधा में निदेशक के रूप में 100 करोड़, जबकि सीईओ नितिन की पत्नी सीमा पाटिल ने 36 करोड़ रुपये कमाए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, फाउंडर्स के अलावा जेरोधा अपने कर्मचारियों की सैलरी पर वित्त वर्ष 2023-24 में 380 करोड़ रुपये तक खर्च किए हैं। इसमें डायरेक्टर का वेतन भी शामिल है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने कर्मचारियों पर कुल 623 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वहीं वित्त वर्ष 2022 में यह खर्च 459 करोड़ रुपये था।

## शार्ट न्यूज

### भारत जूनियर विश्वकप में नौवें स्थान पर




सैंटियागो। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के एक रोमांचक मैच में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हरा कर टूर्नामेंट में नौवां स्थान हासिल किया। निर्धारित समय तक दोनो टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में भारत ने मुकाबला 3-2 से अपने पक्ष में कर लिया। निर्धारित 60 मिनट के दौरान, भारत की मंजू चोरसिया (11) और सुनेलिता टोप्पो (57) ने एक-एक गोल किया, जबकि कीर्स्टन थॉमासी (27, 53) ने यूएसए के लिए दो गोल किए। मैच अंततः 2-2 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ, इस प्रकार पेनल्टी शूटआउट में प्रवेश हुआ, जिसमें दोनों टीमें दो-दो शॉट को गोल में बदलने में कामयाब रहीं, बाद में भारत की गोलकीपर माधुरी किंडो ने शानदार बचाव किया, वहीं पिसल ने शांतिपूर्वक अपने शॉट को गोल में बदलकर भारत को 3-2 से मैच जीतने में मदद की।

### अबरार पहले टेस्ट हुए बाहर

पर्थ। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। रविवार को पीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि अबरार टीम के साथ रहेंगे और पर्थ में इलाज कराएंगे। इसके बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले बाकी दौरे पर उनकी उपलब्धता को लेकर फैसला किया जाएगा। पीसीबी ने अभी तक उन्हें मेलबर्न या सिडनी में होने वाले टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना इंकार नहीं किया है, लेकिन स्पिन पैनल को मजबूत करने के लिए साजिद खान को टीम शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि कैनबरा में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के तीसरे दिन अबरार 27 ओवर फेंकने के बाद दाहिने पैर के घुटने तेज दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। पीसीबी मेडिकल टीम ने प्रारंभिक मूल्यांकन के बाद उन्हें एमआरआई स्कैन के लिए भेजा तब जाकर चोट की वास्तविक स्थिति का पता चला।

### हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर अकादमी का खिताब पंजाब के नाम

नई दिल्ली। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के अंतिम दिन रविवार को जोन ए में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने जूनियर और सब जूनियर दोनों श्रेणियों में जीत हासिल की। सब जूनियर वर्ग के फाइनल में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 6-1 से हराया वहीं सब जूनियर वर्ग के तीसरे/चौथे स्थान के मैच में एचएआर हॉकी अकादमी ने राजा करन हॉकी अकादमी को 5-2 से हराया। जूनियर वर्ग के फाइनल में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने नामधारी इलेवन को 3-1 से हराया। कप्तान नवराज सिंह (14%) ने पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर नामधारी इलेवन को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला गया, इस बार राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के जपनीत सिंह (25, 34, 50) ने बराबरी कर ली। इसके बाद उन्होंने राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को तीसरे क्वार्टर में एक फील्ड गोल के साथ बढ़त लेने में मदद की और चौथे क्वार्टर में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया उनकी हैट्रिक ने राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को पूरे टूर्नामेंट में विरोधियों पर हावी होने के बाद स्वर्ण पदक जीतने में सक्षम बनाया।

### वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज हारा इंग्लैंड

वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड को अब वेस्टइंडीज ने 2-1 से वनडे सीरीज हरा दी है। वेस्टइंडीज ने तीसरा वनडे डकवर्थ-लुईस मेथड के तहत 4 विकेट से जीता। शनिवार को ब्रिजटाउन में इंग्लैंड ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 206 रन बनाए। बारिश के कारण ओवर कम किए गए और वेस्टइंडीज को 34 ओवर में 188 रन का टारगेट मिला। वेस्टइंडीज ने 31.4 ओवर में 6 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। 3 विकेट लेने के साथ 13 रन बनाने वाले मैथ्यू फोर्ड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं 3 वनडे में 192 रन बनाने वाले कैरेबियाई कप्तान शाई होप प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। वेस्टइंडीज ने 15 साल बाद इंग्लैंड को वनडे सीरीज हराई, इससे पहले 2007 में टीम ने 3 ही मैचों की सीरीज 2-1 से जीती थी। टीम ने अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड को 25 साल बाद वनडे सीरीज हराई। इससे पहले 1998 में टीम ने 5 वनडे की सीरीज 4-1 से जीती थी। वेस्टइंडीज को ICC की फुल मेंबर टीम के खिलाफ भी 33 महीने बाद जीत मिली है। इससे पहले टीम ने श्रीलंका को मार्च 2021 में 3-0 से हराया था। इस बीच टीम को फुल मेंबर देशों के खिलाफ 9 सीरीज में हार मिली। फुल मेंबर देश यानी जिन्हें टेस्ट खेलने का स्टेटस है।

### द-अफ्रीका टूर के बाद तय होगा द्रविड का नया कार्यकाल

मुंबई। टीम इंडिया के चीफ कोच राहुल द्रविड़ और उनके साथ सहयोगी स्टाफ के कार्यकाल का तय साउथ अफ्रीका दौरे के बाद होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेक्रेटरी जय शाह ने यह जानकारी मुंबई में WPL के ऑक्शन के दौरान मीडिया से बातचीत में दी। शाह ने कहा कि वर्ल्ड कप और साउथ अफ्रीका दौरे के बीच का समय इतना कम था कि राहुल द्रविड़ और उनकी टीम को विस्तार की पेशकश के बावजूद उनके कार्यकाल को तय नहीं किया किया जा सका है। साउथ अफ्रीका से लौटने के बाद इस पर चर्चा की जाएगी। फिलहाल कोच राहुल द्रविड़ टीम के साथ साउथ अफ्रीका गए हुए हैं। टीम इंडिया के चीफ कोच राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ का कार्यकाल वनडे वर्ल्ड कप समाप्त होने के साथ ही खत्म हो गया था। वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने फाइनल तक सफर तय किया था। फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। अगर फाइनल को छोड़ दिया जाए तो भारत ने सेमीफाइनल सहित लीग के सभी मैच जीते थे। वहीं वर्ल्ड कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए 5 टी-20 मैचों की घरेलू सीरीज के लिए वीवीएस लक्ष्मण को मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गई थी।

### भारत आठ विकेट से हारा

दुबई। अजान अवैस की 105 रनों की नाबाद शतकीय और कप्तान साद बेग 68 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को अंडर 19 एशिया कप के ग्रुप ए के मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हरा दिया है। 260 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन आठ रन को पांचवें ओवर में अभिषेक ने आदर्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये अजान अवैस ने शाहजेब खान के साथ दूसरे विकेट के लिये 110 रनों की साझेदारी की। शाहजेब 63 रन 28वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मुशीर खान को कैच थमा बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे साद बेग ने अवैस के साथ मिलकर मैच जीताऊ साझेदारी कर पाकिस्तान को 47 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 263 बनाकर जीत दिला दी। भारत की ओर से एक मात्र सफल गेंदबाज मुरुगन अभिषेक को दो विकेट मिले। इसके अलावा कोई भी गेंदबाज पाकिस्तान के बल्लेबाजों को आउट नहीं कर सका।

# बजरंगबली की आराधना से मिलती है ताकत : रिंकू सिंह



डरबन। लंबे-लंबे छक्के मारने के लिए मशहूर भारत के नए क्रिकेट सुपरस्टार रिंकू सिंह का कहना है कि वह बजरंगबली के भक्त हैं और छक्के चौके मारने की ताकत स्वाभाविक रूप से उनके मजबूत शरीर से आती है।
बीसीसीआई.टीवी के साथ शनिवार को एक विशेष साक्षात्कार में अलीगढ़ के रिंकू ने कहा, मैं बजरंग बली का भक्त हूं, मैं उनके गाने सुनता रहता हूं, इससे मुझे ताकत मिलती है।
रिंकू ने पहले भी बजरंग बली समेत भगवान में आस्था होने के कई सबूत दिए हैं। अक्टूबर में उन्होंने 2023 एशियाई खेलों के दौरान एक मंदिर के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का दान दिया था। बड़े दिल वाला और जरूरतमंदों की मदद का चरित्र दर्शाते हुये रिंकू गरीब और बेसहारा खिलाड़ियों के लिए एक क्रिकेट अकादमी और छात्रावास बनाने के लिए 50 लाख रुपये का दान दे चुके हैं। एक साधारण परिवार से निकल कर क्रिकेट की दुनिया की सनसनी बन चुके रिंकू फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। उन्होंने टी20 श्रृंखला में अपनी बल्लेबाजी स्थिति का खुलासा किया और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बारे में बात की। उन्होने कहा हमने अच्छा नेट सत्र बिताया। मैं अपने खेल के बारे में राहुल सर के साथ अच्छा समय बिता रहा हूं। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम जिस तरह से खेल रहे हो, वैसे ही खेलते रहो। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे खुद पर विश्वास रखना है। उन्होंने कहा कि मुझे बल्लेबाजी करनी होगी। भारत के लिए टी-20 में नंबर पांच पर वहां खेलना कठिन है, लेकिन खुद पर भरोसा रखें। रिंकू ने कहा कि उन्होंने लंबे समय तक अलग-अलग टीमों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की है। उन्होंने कहा, मैंने अपना घरेलू करियर उत्तर प्रदेश से शुरू किया था और 2013 से इस अलग भूमिका को निभा रहा हूं। रिंकू ने कहा नंबर पांच पर बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है क्योंकि अगर तीन से पांच विकेट जल्दी गिर जाते हैं तो पारी को स्थिर करना और तेजी से रन बनाना उनके लिए कठिन काम होगा। उन्होंने कहा, मेरा स्वभाव शांत है। इससे मुझे टी20 में कठिन परिस्थितियों में अच्छी बल्लेबाजी करने में मदद मिलती है। रिंकू ने कहा कि उन्हें मौजूदा सेटअप में कुलदीप यादव, आवेश खान, रवि बिश्नोई के साथ समय बिताना पसंद है। अलीगढ़ में जन्मे क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर पांच मैचों की टी20 सीरीज में कुछ अच्छी पारियां खेली थीं, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीकी परिस्थितियों में एक बड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं।

## आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी20 टीम में वापसी

एजेंसी

बारबाडोस। इंग्लैंड के खिलाफ पांच घरेलू टी-20 मैचों की सीरीज से पहले वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी हुयी है।
रसेल आखिरी बार 2021 में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम के साथ दिखे थे।
टी20 के धाकड़ बल्लेबाज ने अपने करियर में 167 के स्ट्राइक रेट से करीब 8000 रन बनाए हैं। नई टीम में उनके साथ मैथ्यू फोर्ड भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में प्रभावित किया था और हाल के घरेलू टी20 सीज़न में सफलता के शीर्ष पर रहे थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चोट से उबरने के बाद शेरफेन रदरफोर्ड और स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसके कारण उन्हें भारत सीरीज से बाहर होना पड़ा। शाई होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी-20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जिससे उनकी वेस्टइंडीज वनडे टीम के कप्तान की भूमिका भी जुड़ जाएगी।
मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि यह श्रृंखला टी20 विश्व कप से पहले देखने का सही मौका है, जिसकी वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह-मेजबानी करेंगे। हेन्स ने कहा, हमने एक ऐसी टीम चुनी है जो हमें लगता है कि हमें उस टूर्नामेंट में सफलता का सबसे अच्छा मौका देगी। हम प्रतियोगिता से पहले आकलन करना जारी रखेंगे।




## आईबीए ने चार नए महासंघों को मंजूरी दी

**दुबई।** इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने शनिवार को यहां कांग्रेस में चार महासंघों की सदस्यता को मंजूरी देने और तीन को समाप्त करने के लिए मतदान किया। स्वीकृत महासंघों में यूएस बॉक्सिंग फेडरेशन भी शामिल है, जो रॉय जोन्स जूनियर के नेतृत्व में एक नया संगठन है और इसका गठन यूएसए बॉक्सिंग की असंबद्धता के बाद हुआ है। इसके अलावा स्विस बॉक्सिंग, नॉरफ़ॉक आइलैंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और तुवालु एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन को स्वीकार किया गया है। इस बीच, कांग्रेस ने चेक बॉक्सिंग एसोसिएशन, जर्मन बॉक्सिंग एसोसिएशन और डच बॉक्सिंग फेडरेशन की सदस्यता समाप्त करने को मंजूरी दे दी। आईबीए अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने कहा कि आईबीए उन देशों के अन्य संगठनों का स्वागत करेगा जो अब शासी निकाय से जुड़े नहीं हैं। आईबीए ने 2024 के लिए इवेंट कैलेंडर की भी घोषणा की, जिसमें 16 चैंपियंस नाइट्स शामिल करने की योजना है, जो इस साल 10 से अधिक है। आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप कजाकिस्तान के अस्ताना में होगी, जबकि आर्मेनिया आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप पर बातचीत कर रहा है।

## अवरीत कौर बने डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड के राष्ट्रीय विजेता

एजेंसी

शिमला। दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी, रेकिट ने अपने प्रमुख अभियान 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' के तहत भारत में सबसे बड़े स्वच्छता ओलम्पियाड डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड के दूसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। ओलम्पियाड का आयोजन बचपन की बीमारियों को रोकने में स्वच्छता की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया सीजन 10 के लॉन्च अवसर पर 15 ओलम्पियाड विजेताओं को उनके शिक्षकों के साथ सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश के बरू साहिब-




सिरमौर जिले के तीन स्कूलों में चार से 15 सितंबर, 2023 तक डीएचओ 2.0 आयोजित किया गया था। करीब 750 से अधिक प्रतिभागियों में से अवरीत कौर, पुत्र कुलविंदर सिंह और कक्षा पहली के छात्र को राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड 2.0 में चुना गया। वे द अकाल एकेडमी स्कूल, बरू साहिब, सिरमौर जिला, हिमाचल प्रदेश में पढ़ते हैं।
डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड 2.0 देश के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के तीन करोड़ से अधिक बच्चों तक सफलतापूर्वक पहुंचा, जिसने भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी बच्चों को हाथ धोने की जरूरत के बारे में आवश्यक ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ सशक्त बनाया। कोई 2500 गुरुकुल और अन्य धार्मिक शिक्षा स्कूलों के छात्रों ने भी इसमें भाग लिया, विभिन्न वर्ग के प्रतिभागियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा के प्रश्नपत्र को संस्कृत भाषा में भी उपलब्ध कराया गया था। परीक्षा को 6 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए पांच स्तरों में विभाजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य और स्वच्छता पर बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शामिल थे।देशभर में कुल 15 छात्रों (प्रत्येक स्तर में तीन) को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, पहले स्थान पर आने वाले विजेता को 50,000 रुपए, दूसरे विजेता को 35,000 रुपए और तीसरे विजेता को 15,000 रुपए प्रदान किए गए। रेकिट के डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप, एसओए रवि भटनागर ने कहा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और साफ-सफाई के प्रति रेकिट की प्रतिबद्धता ने भारत के युवाओं को सकारात्मक स्वच्छता से जुड़े क्षेत्रों में चौंपियन बनने के लिए प्रेरित किया है।

# पुलिस बनकर आया, चुराए 1 हजार करोड़

### 7 साल जांच, 1 लाख संदिग्ध; क्या पकड़ा गया जापान का सबसे बड़ा चोर

तारीख- 10 दिसंबर 1968, शहर- टोक्यो का फुचु शहर। जापान ट्रस्ट बैंक से निकली एक कार 294 मिलियन येन यानी 1.7 हजार करोड़ रुपए के साथ तोशीबा कंपनी की तरफ बढ़ रही है। ये पैसे कर्मचारियों को बोनस के तौर पर दिए जाने थे।

कार में मौजूद बैंक कर्मचारी डरे हुए थे। दरअसल, चार दिन पहले ही 6 दिसंबर को बैंक मैनेजर को किसी शख्स ने धमकी भरा खत भेजा था। खत में लिखा था- मैनेजर चुपचाप 3 मिलियन येन बैंक की ही महिला कर्मचारी के खाते में भेजे दे, वरना वो बैंक को उड़ा देंगे।

धमकी देने वालों का प्लान था कि वो महिला कर्मचारी के खाते से सारे पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लेंगे। हालांकि, बैंक ने इस डिमांड को पूरा नहीं किया था।

बैंक मैनेजर ने शहर के पुलिस ऑफिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद करीब 50 पुलिस अधिकारियों को बैंक के आसपास के



इलाके में तैनात कर दिया गया था। उनके ऊपर बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी थी।

पूरी सिक्योरिटी और चाक-चौबंद व्यवस्था के बावजूद तोशीबा कंपनी जा रहे बैंक कर्मचारी जापान के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी के गवाह बने। इसे 55 साल पहले आज ही के दिन अंजाम दिया गया था।

10 दिसंबर को बैंक की गाड़ी बोनस का पैसा लेकर कंपनी की तरफ बढ़ ही रही थी कि एक अनजान मोटरसाइकिल पर सवार पुलिस वाले ने उनका रास्ता रोक दिया। सामने खड़े पुलिस वाले को देखकर ड्राइवर कार रोक देता है। वो कार का शीशा नीचे करके पुलिस अधिकारी से पूछता है- क्या कुछ परेशानी है ऑफिसर?

इस पर पुलिस अधिकारी ने कहा- आपके बैंक में एक धमाका हुआ है। हमें जानकारी मिली है कि इस कार में भी डायनामाइट लगाया गया है। आप सबको कार से बाहर आना होगा ताकि मैं इसकी पड़ताल कर सकूं।

इस पर बैंक कर्मचारी तुरंत कार से बाहर निकल गए। पुलिस अधिकारी ने कार के अंदर झांका। इसके कुछ ही देर में कार के आसपास धुआं नजर आने लगा। अधिकारी ने कार से बाहर निकलते ही चिल्लाया कि उसमें धमाका होने वाला है।

#### कार लेकर चला गया पुलिस अधिकारी

इस पर सभी बैंक कर्मचारी कार से सुरक्षित दूरी पर जा खड़े हुए। पुलिस अधिकारी कार में बैठा और वहां मौजूद लोगों को बचाने के लिए कार को चलाकर ले गया। कार के जाते से ही उसके ड्राइवर ने कहा कि ये पुलिस अफसर वाकई में काफी बहादुर था। लेकिन इसके बाद उनकी नजर उस जगह पर पड़ी जहां कार खड़ी थी।

हैरानी की बात ये थी, कि वहां अब भी हलका धुआं था। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो सड़क पर एक बुझा हुआ रोड फ्लेयर पड़ा हुआ था। इसका इस्तेमाल सड़क पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए होता था।

इससे रौशनी और धुआं निकलता है। रोड फ्लेयर देखते से ही बैंक कर्मचारी पुलिस अधिकारी की उस बाइक के पास पहुंचे जो उसने कार के सामने रोकी थी।

वो कोई पुलिस अधिकारियों की बाइक नहीं, बल्कि एक आम मोटरसाइकिल थी। बैंक कर्मचारियों को एहसास हुआ कि कार में कोई बम नहीं था और पुलिस के वेश में चोर उनसे 17 करोड़ रुपए चुराकर ले गया है। इस पूरी चोरी में सिर्फ 3 मिनट का समय लगा।

## फिलिस्तीनियों से कपड़े उतरवाकर सरेंडर कराया

### सिर्फ अंडरवियर में बंदूकें छोड़ते दिख रहे लोग; इजराइल बोला- हार मानने को तैयार नहीं याह्या सिनवार

गाजा में सरेंडर करते फिलिस्तीनियों का एक वीडियो लीक हुआ है। इसमें किसी के तन पर कपड़े नहीं हैं, लोग सिर्फ अंडरवियर में खड़े दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद एक शख्स आगे आता है, इसके हाथ में गन है इजराइली सैनिक इसे धीरे-धीरे आगे बढ़ने को कह रहा है। इसके बाद शख्स जमीन पर बंदूक रख वापस लौट जाता है।
टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना मानने लगी है कि हमास अब बिखरने लगा है। निर्वस्त्र फिलिस्तीनियों की तस्वीरें दो दिन से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं। हालांकि, इजराइल इन पर चुप्पी साधे हुए था।
निर्वस्त्र कर फिलिस्तीनियों से सरेंडर कराने का सोशल मीडिया पर विरोध हो रहा है। लोगों ने इसकी तुलना ISIS और हिटलर से की है। इस बीच



इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एडवाइजर मार्क रेगेव ने कहा- मिडिल ईस्ट में काफी गर्मी पड़ रही है इसलिए कपड़े उतरवाए हैं इसमें कुछ विवादित नहीं है।
वहीं, IDF के प्रवक्ता डेनियल हागरी ने बताया है कि कई आतंकियों ने सरेंडर किया है। हालांकि, इनकी संख्या नहीं बताई है।
इजराइल के मुताबिक इन आतंकियों ने IDF को काफी जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि खराब हालातों के बावजूद हमास चीफ याह्या सिनावर हार मानने को तैयार नहीं है।

#### कहां है याह्या सिनवार

शनिवार को इजराइली मीडिया हाउस कान ब्रॉडकास्टर्स ने दावा किया है कि याह्या सिनवार जंग की शुरुआत में ही छिपकर उत्तरी गाजा छोड़ चुका है। इजराइल के मुताबिक वो आम लोगों की गाड़ी में बैठकर खान युनिस चला गया था।
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिलिस्तीन के विदेश मंत्री मोहम्मद शतयेह से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे से संपर्क में रहने और बातचीत करते रहने का वादा किया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि उन्होंने फिलिस्तीन के विदेश मंत्री से कहा है कि फिलिस्तीन के मुद्दे पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।

### कच्चे तेल के भंडार में गैस के रिसाव से पांच श्रमिकों की मौत

तेहरान। पश्चिमी ईरान में कच्चे तेल के भंडार में फंसे पांच श्रमिकों की जहरीली गैस के रिसाव से मौत हो गई है। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रविवार को दी। ईरानी तेल पाइपलाइन और दूरसंचार कंपनी के जनसंपर्क निदेशक, एज़ातुल्ला मीर-होसैनी ने आईआरएनए से कहा कि श्रमिक ईरानी प्रांत लोरेस्तान के कुहदाश्त काउंटी के एक तेल हस्तांतरण केंद्र में 20 लीटर कच्चे भंडार में फंस गए थे। कुहदाश्त काउंटी मोहम्मद मोरादी ने कहा कि तेल भंडार में पांच शव देखे गए हैं लेकिन जहरीली गैस के कारण बचावकर्मी उन्हें निकालने के लिए तत्काल अंदर नहीं जा सके। आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, एक ड्रेजिंग कंपनी के कर्मचारी शनिवार शाम तेल भंडार में ड्रेज करने के लिए गए थे, लेकिन जहरीली गैस और पदार्थों की चपेट में आने के बाद वे वहां से सुरक्षित निकल गए।

## ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से अमेरिकी लोकतंत्र को खतरा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि देश में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। व्हाइट हाउस ने शनिवार को जारी एक बयान में यह खबर दी। बाइडेन ने लॉस एंजिल्स में एक स्वागत समारोह में कहा, मेरा मानना है कि अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य दांव पर है। वस्तुतः, सब कुछ दांव पर है। मैं स्पष्ट कर दूं ।डोनाल्ड ट्रम्प देश के लिए कई ख़तरा पैदा करते हैं, चुनने के अधिकार से लेकर नागरिक अधिकारों से लेकर मतदान के अधिकार और दुनिया में अमेरिका की स्थिति तक। लेकिन ट्रम्प ने जो सबसे बड़ा खतरा पैदा किया है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए है, क्योंकि अगर हम इसे खो देते हैं, तो हम सब कुछ खो देते हैं। बाइडेन ने सप्ताह की शुरुआत में मैसाचुसेट्स में बोस्टन रिसेप्शन में कहा कि अगर ट्रम्प ने फिर से प्रचार करने का फैसला नहीं किया तो उन्हें यकीन नहीं था कि वह 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेंगे। 'द वॉल स्ट्रीट' जर्नल ने कल एक सर्वेक्षण प्रकाशित किया, जिसके अनुसार 53 प्रतिशत अमेरिकी मतदाताओं ने कहा कि श्री बाइडेन की नीतियों ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुंचाया है, जबकि 49 प्रतिशत ने संकेत दिया कि श्री ट्रम्प के एजेंडे ने उनके कार्यकाल के दौरान उनकी मदद की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर, 2024 को निर्धारित है।

### गाजा युद्धविराम पर अमेरिकी वीटो से उत्साहित इजरायल ने हमले तेज किये

गाजा। गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के संयुक्त राष्ट्र की असाधारण कोशिश पर अमेरिकी वीटो से उत्साहित इजरायल ने गाजा पर हमले तेज कर दिये हैं। जहां अमेरिकी वीटो की कुछ मुस्लिम देशों ने निंदा की है और निराशा व्यक्त की है वहीं इससे उत्साहित इजरायल ने गाजा के कई इलाकों में बमबारी की, जिसमें पिछले 24 घंटों में लगभग 150 लोग मारे गए। सहायता कर्मियों के अनुसार गाजा में हालात विनाश की स्थिति में पहुंच गयी है। गाजा की मानवीय प्रणाली पतन के कगार पर है। वहां बीमारी और भुखमरी का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र में गाजा-और इजरायल में संघर्ष विराम पर अमेरिकी वीटो का फिलिस्तीनी प्राधिकरण और हमास ने तीव्र निंदा की। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाजा में मरने वालों की नवीनतम संख्या 17,000 बताया है, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने अमेरिका द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर वीटो लगाए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निंदा की और वैश्विक निकाय को इजरायली सुरक्षा परिषद करार दिया।

### संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने माली में शिविर बंद किये

संयुक्त राष्ट्र। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के मध्य क्षेत्रों से संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने अपना शिविर बंद कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के प्रेस कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन ने गत शुक्रवार को मोप्ती क्षेत्र के सेवरे में अपना शिविर बंद कर दिया, जिससे मध्य माली में इसकी उपस्थिति समाप्त हो गई। इससे पहले, ओगोसागौ और डौएंत्ज़ा ठिकानों को बंद किया जा चुका है। मालियन संस्थानों और नागरिक समूहों के साथ मिलकर, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने कई स्थानीय शांति समझौतों के समापन की सुविधा प्रदान की है। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और पानी तक पहुंच में कई स्थानीय परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है। इस वर्ष के अंत तक, मिशन के समापन के लिए आवश्यक कर्मियों को छोड़कर शेष इस मिशन के कर्मी माली छोड़ देंगे। गौरतलब है कि मई 2021 के तख्तापलट के बाद स्थापित माली में सैन्य सरकार ने यह कहते हुए संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन को वापस लेने का अनुरोध किया कि यह जिहादियों द्वारा छापे को रोकने में अप्रभावी है, खासकर देश के उत्तर में। जिसके बाद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जून में एक प्रस्ताव अपनाया, जिसमें 31 दिसंबर, 2023 तक वापसी को अधिकृत किया गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# सांसद ने बलिया रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर कामायनी एक्सप्रेस को रवाना किया

वाराणसी। (पीएमए) यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सं 11072/11071 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस (कामायनी एक्सप्रेस) का बलिया रेलवे स्टेशन तक यात्रा विस्तार किया गया है ।इस अवसर पर बलिया स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद बलिया श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा रविवार को गाड़ी संश 11072 बनारस क्लोकमान्य तिलक टर्मिनस (कामायनी एक्सप्रेस) को बलिया रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर आयोजित उदघाटन समारोह में माननीय सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कामायनी एक्सप्रेस को बलिया जिले मुख्यालय बलिया स्टेशन पर यात्रा विस्तार देने के लिए रेल मंत्री एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा की भारतीय रेल यातायात का सबसे सुलभ एवं किफायती साधन है जो सस्ता होने के कारण आम जनता के लिये बहुत उपयोगी है।

उन्होंने बताया की बलिया क्षेत्र के निवासी लगातार बलिया से मुम्बई के लिए कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन की मांग कर रहे थे ।इसी तरह जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव को कई बार पत्र लिखकर कामायनी एक्सप्रेस को बलिया रेलवे स्टेशन तक यात्रा विस्तार करने और यात्रियों की माँग एवं मेरे लगातार अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु कामायनी एक्सप्रेस को बलिया रेलवे स्टेशन तक यात्रा विस्तार किया गया है।इससे बलिया जिले के यात्रियों विशेष कर व्यापारियों,कामगारों,किसानों एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को बहुत लाभ होगा।इसके अतिरिक्त उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी से अनुरोध



किया कि बलिया रेलवे स्टेशन से महानगरों से जोड़ने वाली ट्रेनों में एक बोगी किसान के लिए मोटे आनाज के निर्यात के लिए अवश्य लगाए। उन्होंने क्षेत्रीय जनता को नसीहत देते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि जिस प्रकार रेलवे हमे अपनी समर्पित सेवाएं प्रदान करता है हम भी उसके राजस्व अर्जन का पूरा ध्यान रखें और अपना उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। अब से बलिया रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं0 11072 बलिया - लोकमान्य तिलक टर्मिनल कामायनी एक्सप्रेस बलिया से 12: 45 बजे प्रस्थान कर गाजीपुर सिटी से 14: 00 बजे ,औड़िहार से 14: 50 बजे तथा वाराणसी से 16: 00 बजे छूटकर नियमित समय सारणी के अनुसार (लोकमान्य तिलक टर्मिनल ) मुम्बई के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- बलिया कामायनी एक्सप्रेस मुम्बई से वाराणसी के समय सारणी के अनुसार वाराणसी जं से 19-55 बजे प्रस्थान कर औड़िहार से 20-50 बजे गाजीपुर सिटी से 21-30 बजे छुटकर रात 22-35 बजे बलिया पहुँचेगी। मैं बलिया रेलवे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस गाड़ी के यात्रा विस्तार के लिए शुभारम्भ पर आप सभी को बधाई देता हूँ।

इसके पूर्व सभी का स्वागत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि मैं बलिया के माननीय सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह का हार्दिक स्वागत करता हूँ जिन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों में से अपना बहुमूल्य समय निकाल कर बलिया रेलवे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस एक्सप्रेस के यात्रा विस्तार का शुभारम्भ करने का हमारा अनुरोध स्वीकार करते हुए इस समारोह में उपस्थित हुए हैं। मैं इस समारोह में उपस्थित सभी माननीय अतिथियों एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूँ। पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल यात्री प्रधान मंडल है जो अपने यात्रियों को उन्नत सुख सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयासरत है। यात्री सुविधाओं के उन्नयन के क्रम में बलिया रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन को लगभग 34.93 करोड़ की लागत से यात्री सुविधा के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे है।बलिया रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से जुड़ी विभिन्न सुविधाओ के लिए मैं फिर एक बार आपलोग को हार्दिक बधाई देता हूँ।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय श्री सत्यम सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रशांत कुमार , सहायक सुरक्षा आयुक्त श्री उग्रसेन सिंह सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक,स्टेशन के रेलवे कर्मचारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थिति थी । कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी श्री अशोक कुमार ने किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न योजनाओ का किया गया प्रचार प्रसार

**आजमगढ़** । (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है।



इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अजमतगढ़ में प्रथम पाली में ग्राम पंचायत कादीपुर एवं द्वितीय पाली में बनौरा कोकिलपार, महराजगंज में प्रथम पाली में चेवता एवं द्वितीय पाली में परसमनपुर, तहबरपुर में प्रथम पाली में चकवारी एवं द्वितीय पाली में जमीनबारी, रानी की सराय में प्रथम पाली में मोमारीजपुर एवं द्वितीय पाली में शाहखजुरा, मेंहनगर में प्रथम पाली में चकवारा एवं द्वितीय पाली में वियजीपुर, लालगंज में प्रथम पाली में बरसेरवा एवं द्वितीय पाली में व्यवहरा, अतरौलिया में प्रथम पाली में बिलारमऊअजगर एवं द्वितीय पली में महादेवपुर, पवई में प्रथम पाली में खंडौरा व गुमकोठी एवं द्वितीय पाली में बलईपुर व पूरारामजी, अहिरौला में प्रथम पाली में भवरूपुर एवं द्वितीय पाली में पूराकोदई, तरवां में प्रथम पाली में सराय वृन्दावन एवं द्वितीय पाली में फद्दूपुर, ठेकमा में प्रथम पाली में बक्शपुर एवं द्वितीय पाली में बीकापुर, फूलपुर में प्रथम पाली में नेवादा व इजदीपुर एवं द्वितीय पाली में टेऊंगा व शेखवलिया मटियार, हरैया में प्रथम पाली में खैरघाट बातन एवं द्वितीय पाली में उसरी, मार्टीनगंज में प्रथम पाली में कुर्थुवा एवं द्वितीय पाली में चिकसावा, पल्हना में प्रथम पाली में करसड़ा एवं द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत रामपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 11 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अजमतगढ़ में प्रथम पाली में ग्राम पंचायत कोडरा एवं द्वितीय पाली में बनौरा काखभार, महराजगंज में प्रथम पाली में काशीपुर चरौवा एवं द्वितीय पाली में प्रतापीपुर, तहबरपुर में प्रथम पाली में बारिखास एवं द्वितीय पाली में मुस्लिपट्टी, रानी की सराय में प्रथम पाली में सहिगड़ा एवं द्वितीय पाली में ऊजी, मेंहनगर में प्रथम पाली में रहिला एवं द्वितीय पाली में भोरमपुर, लालगंज में प्रथम पाली में कटौली बुजुर्ग एवं द्वितीय पाली में उमरीश्री, कोइलसा में प्रथम पाली में मखनहा एवं द्वितीय पली में पटाधन, पवई में प्रथम पाली में जाफरपुर कथकान व इमलीमहुआ एवं द्वितीय पाली में पंचरुखवा व बखरिया, अहिरौला में प्रथम पाली में मिश्रौली एवं द्वितीय पाली में पारा, तरवां में प्रथम पाली में उचहुआ एवं द्वितीय पाली में बीबीपुर, ठेकमा में प्रथम पाली में छत्तरपुर एवं द्वितीय पाली में सिसरेडी, फूलपुर में प्रथम पाली में सुदनीपुर व बूढापुर कुतुबअली एवं द्वितीय पाली में उदपुर व इशापुर, हरैया में प्रथम पाली में भैंसाड़ एवं द्वितीय पाली में सिरही, मार्टीनगंज में प्रथम पाली में डेमरीमकदुमपुर एवं द्वितीय पाली में पुरण्दरपुर, पल्हना में प्रथम पाली में महोली एवं द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत बेनूपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को जागरूक/लाभान्वित किया जायेगा।

# मास्क टीवी का नुक्कड़ पहुंचा घर घर मे, दर्शकों का मिला भरपूर प्यार .!




कहते हैं कि ज़िन्दगी एक रंगमंच है,और हम इसके पात्र बनकर दुनियादारी के नुक्कड़ में अहम किरदार निभा रहे हैं ।यदि हम अपने किरदारों का मंचन पूरी ईमानदारी से तल्लीनता के साथ करें तो यह ज़िन्दगी संवार देता है ।

टैग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी निर्माता अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ हुए वेबसिरिज नुक्कड़ के साथ 6 एपिसोड की यह वेबसिरिज रिलीज होने के साथ ही दर्शकों की पसन्द बन गई है और इसे दर्शकों की जमकर सराहना मिल रही है।इस नुक्कड़ के हर एपिसोड में एक पात्र की कहानी है और इसके इसी पैटर्न को दर्शकों ने अपना भरपूर समर्थन दिया है,क्योंकि हर कोई अपनेआप को इस वेबसिरिज से जोड़कर देख रहा है और उसे यह भी प्रतीत हो रहा है कि जैसे ये घटनाएं उनके साथ भी घटित हुई हैं या कभी भी घटित हो सकती हैं।नुक्कड़ एक ऐसी वेब सीरीज है जिसको समझने में दर्शकों को कोई कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा या समझने के लिए दिमाग पर ज्यादा जोर नहीं लगाना पड़ा, यह दर्शकों के लिए सुलभ और बेहद आसानी से समझ मे आने वाला कॉन्सेप्ट है और यही कारण रहा है की रीलीजिंग के तीसरे ही दिन यह टॉप ट्रेंडिंग में बना हुआ है ।हास्य , रोमाँच और रोमांस सहित ज़िंदगी के तमाम पहलुओं को छूती हुई यह वेबसिरिज दर्शकों को रिझाने में कामयाब साबित हुई है।

## अगर पत्नी 18 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र की है तो वैवाहिक बलात्कार अपराध नहीं : हाईकोर्ट

प्रयागराज । (पीएमए) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि पत्नी की उम्र 18 वर्ष से अधिक है तो वैवाहिक बलात्कार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत अपराध नहीं माना जा सकता।अदालत ने एक पति को अपनी पत्नी के खिलाफ अप्राकृतिक अपराध करने के आरोप से बरी करते हुए यह टिप्पणी की।यह मानते हुए कि इस मामले में आरोपी को आईपीसी की धारा 377 के तहत दोषी नहीं ठहराया जा सकता, न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस देश में अभी तक वैवाहिक बलात्कार को अपराध नहीं माना गया है।उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि चूंकि वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने की मांग करने वाली याचिकाएं अभी भी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित हैं, जब तक शीर्ष अदालत मामले का फैसला नहीं कर देती, जब तक पत ?नी 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की नहीं हो जाती, तब तक वैवाहिक बलात्कार के लिए कोई आपराधिक दंड नहीं है।इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की पिछली टिप्पणी का समर्थन करते हुए यह भी कहा कि वैवाहिक रिश्ते में किसी भी अप्राकृतिक अपराध (आईपीसी धारा 377 के अनुसार) के लिए कोई जगह नहीं है।शिकायतकर्ता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उनका विवाह एक अपमानजनक रिश्ता था और पति ने कथित तौर पर उसके साथ मौखिक और शारीरिक दुर्व्यवहार और जबरदस्ती की, जिसमें अप्राकृतिक यौनाचार भी शामिल था।

# मऊ - लोकमान्य तिलक टर्मिनस गाड़ी का संचलन 16 दिसंबर को मऊ से किया जायेगा

**वाराणसी।** (पीएमए) रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिये 15181 /15182 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस- साप्ताहिक गाड़ी का संचलन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 15181 मऊ- लोकमान्यतिलक टर्मिनस साप्ताहिक गाड़ी 16 दिसम्बर,2023 से प्रत्येक शनिवार तथा गाड़ी संख्या 15182 लोकमान्य तिलक टर्मिनस -मऊ गाड़ी का मुम्बई से संचलन 18 दिसम्बर, 2023 को प्रत्येक सोमवार को किया जायेगा। गाड़ी संख्या 15181 मऊ- लोकमान्यतिलक टर्मिनस गाड़ी 16 दिसम्बर, 2023 मऊ से प्रत्येक शनिवार को रात्रि 22-15 बजे प्रस्थान कर मोहम्मदाबाद से 22: 42 बजे ,आजमगढ़ से 23-15 बजे दूसरे दिन खोरासन रोड से 00: 15 बजे, शाहगंज से 01: 00 बजे, जौनपुर से 01: 40 बजे,मडियाहू से 02: 12 बजे,जंघई से 02: 40 बजे, फूलपुर से 03: 42 बजे, प्रयागराज से 04: 44 बजे,प्रयागराज जंक्शन से 05: 25 बजे, मानिकपुर से 07: 35 बजे, सतना से 08: 35 बजे, कटनी से 09: 45 बजे, जबलपुर से 11: 10 बजे, इटारसी से 14: 55 बजे, हरदा से 15: 42 बजे, खंडवा से 17: 35 बजे, भुसावल से 19: 25 बजे, जलगांव से 19: 50 बजे, नासिक रोड से 23: 00 बजे बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन इगतपुरी से 01: 35 बजे, कल्याण से 02: 45 बजे छूटकर 03: 45 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में गाड़ी संख्या 15182 लोकमान्यतिलक टर्मिनस -मऊ गाड़ी का संचलन मुम्बई से 18 दिसम्बर, 2023 से प्रत्येक सोमवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 11: 10 बजे, कल्याण से 12: 00 बजे, इगतपुरी से 14: 00 बजे,नासिक रोड से 14: 45 बजे, जलगांव से 17: 30 बजे,भुसावल से 18: 05 बजे, हरदा से 21: 17 इटारसी से 22: 45 जबलपुर से 01: 50 कटनी से 03: 10 सतना से 04: 35 मानिकपुर से 06: 20 प्रयागराज जंक्शन से 9: 05 प्रयाग से 09: 20 फूलपुर से 10: 27 जंघई से 12: 00 बजे मडियाहू से 12: 40 जौनपुर से 13: 40 शाहगंज से 15: 45 खोरासन रोड से 16: 12 आजमगढ़ से 17: 15 मुहम्मदाबाद से 17: 52 बजे छूटकर बजे 18: 30 बजे मऊ पहुंचेगी । इस गाड़ी की रेक संरचना में एस.एल.आर. श्रेणी के 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02,पावर कार 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेगे।

## शार्ट न्यूज

### जिलाधिकारी ने किया सघन पल्स पोलियो प्रतिरझण अभियान का शुभारंभ

आजमगढ़। (पीएमए) जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने आज जिला महिला अस्पताल आजमगढ़ में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारंभ किया।इसी के साथ ही आज जनपद के समस्त पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई गई।जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे।उन्होने बताया कि जो बच्चे दवा पीने से छूट जाएंगें, उन्हें अगले 5 दिनों तक (दिनांक 11 से 15 दिसम्बर 2023) घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पोलियोरोधी दवा पिलायी जाएगी।उन्होंने कहा कि पोलियो बूथों एवं होम टू होम पोलियो खुराक पिलाने की निगरानी पर्यवेक्षकों के माध्यम कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप पिलाने की सघन मानिटरिंग सुनिश्चित की जाए।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी ने बताया कि इस बार 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलिया दवा पिलाने का लक्ष्य 658828 निर्धारित है, घरों की संख्या 693151 है, जिसके लिए 1187 टीमें बनाई गई हैं।उन्होंने बताया कि कुल पोलियो बूथ की संख्या 2402 है तथा ट्रांजिट बूथ 46 व मोबाइल टीम 32 बनाई गई है।इस अवसर पर एसीएमओ डॉ0 अजीज, डॉ0 अरविन्द चौधरी, सीएमएस डॉ0 विनय यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जेल में हत्या : 3 दिन में एफआईआर, नहीं तो आंदोलन

लखनऊ ।(पीएमए) आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने 22 जून 2023 को जिला जेल सुल्तानपुर में विचाराधीन कैदी करिया उर्फ विजय पासी और मनोज रैदास की संदिग्ध मौत के संबंध में तीन दिनों में हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने और ऐसा नहीं होने पर जेल मुख्यालय लखनऊ के सामने विरोध प्रदर्शन किए जाने की बात कही है. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को प्रेषित अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि पहले जेल प्रशासन ने इन दोनों कैदियों द्वारा मानसिक अवसाद के कारण फांसी लगाने का दावा किया था किंतु सीजेएम सुल्तानपुर सपना त्रिपाठी द्वारा की गई मजिस्ट्रियल जांच में पाया गया कि मृत्यु का कारण एंटी मॉर्टम हैंगिंग तो है किंतु उनके पोस्ट मॉर्टम से स्पष्ट है कि मृतक गण को किसी नशीले पदार्थ के प्रभाव में उनकी इच्छा के विरुद्ध फांसी पर लटकाया गया, जिसके कारण यह मामला आत्महत्या का नहीं, बल्कि हत्या का है जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जेल प्रशासन की है. अमिताभ ठाकुर ने कहा कि यह रिपोर्ट शासन के पास पहुंच गई है किंतु जानबूझ कर मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. अत: उन्होंने मुख्यमंत्री से तीन दिनों में इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर जेल अधीक्षक सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों को निलंबित किए जाने की मांग की है और कहा है कि यदि ऐसा नहीं होता है तो आजाद अधिकार सेना जेल मुख्यालय, लखनऊ के सामने अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन करेगी.

### रीता डे-अर्चना मिश्रा विवाद पर 60 दिन में सौंपेंगे रिपोर्ट : उत्तम केसरवानी

झांसी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की एपेक्स काउंसिल की आज झांसी में हुई बैठक में अध्यक्ष निधिपति सिंघानिया के प्रतिनिधि उत्तम प्रसाद केसरवानी ने जीएम रीता डे और इंडियन क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से काउंसिल सदस्य अर्चना मिश्रा के बीच चल रहे विवाद को पारिवारिक विवाद बताते हुए कहा कि जल्द ही इसका समाधान कर लिया जायेगा और मामले की जांच के बाद 60 दिन में वह उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंप देंगे। यहां यूपीसीए की एपेक्स काउंसिल की आज बैठक हुई जिसमें रीत-अर्चना विवाद के साथ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गयी।इस बैठक में श्री केसरवानी के साथ कड़ी सुरक्षा में झांसी पहुंची अर्चना मिश्रा ने भी शिरकत की।बैठक में पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गोपाल शर्मा, राहुल सप्रू , श्यामबाबू शर्मा, प्रेम मनोहर गुप्ता , अरविंद श्रीवास्तव, युद्धवीर सिंह, मोहम्मद फईम, राशिद अली, संजीव सिंह, मोहनलाल, गोपाल शर्मा , प्रदीप गुप्ता, जावेद, संजय रस्तोगी और इंदु प्रकाश आदि ने हिस्सा लिया।बैठक में हिस्सा लेने के बाद श्री केसरवानी ने कहा कि यूपीसीए एक परिवार की तरह है और जिस तरह से परिवार में कभी कभी विवाद हो जाते हैं।इस बार संगठन की महिला पदाधिकारियों के बीच विवाद हुआ है।इसके लिए लगातार दोनों पक्षों की बात उच्चाधिकारियों द्वारा सुनी जा रही है ।मामले की जांच 60 दिन में पूरी कर उच्चाधिकारियों को वह रिपोर्ट सौंप देंगे। इसके बाद उम्मीद है समस्या सुलझा ली जायेगी। आज अर्चना जी बाकी सदस्यों के साथ मिली और अपनी बात रखी है।

### क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास में नहीं छोड़ी जायेगी कोई कमी : जयवीर सिंह

फ़िरोज़ाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद आये प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्य का शुभारंभ किया।सिरसागंज क्षेत्र के गाँव पैगू स्थित शिव मंदिर का 154.40 लाख की लागत से पर्यटन विकास कार्य होगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की प्रेरणा से जनपद फिरोजाबाद के पुरातात्विक, ऐतिहासिक महत्व के प्राचीन मंदिरों और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का जीर्णोद्धार का कार्य निरंतर प्रगति पर है।विगत लगभग 1 बर्ष में जनपद के कई मंदिरों का पर्यटन विकास कार्य पूर्ण हो चुका है।इसी क्रम में आज सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम पैगू के प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य का शुभारंभ हो गया है।उन्होंने कहा कि इस प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के तहत बाउण्ड्रीवॉल, सीसी सडक, कुण्ड का विकास, भव्य प्रवेश द्वार, मल्टीपर्पज हॉल, चाहरदीवारी, चबूतरे का विकास, म्यूरल वॉल, पार्क का विकास, स्टोन बेंच, साइनेज, शौचालय आदि निर्माण कार्य होगें और यह सभी कार्य अगस्त 2024 तक पूरा करने का सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को करने के निर्देश दिये।साथ ही उन्होनें बताया कि 14.39 करोड की लागत से सिरसागंज की अराव रोड को जल्द ही स्मार्ट रोड बनाया जायेगा।जिसके लिये टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है।

# 'गंगा जमुनी तहजीब' ने धार्मिक सहिष्णुता और सांप्रदायिक सद्भाव की दीवार का काम किया

मेरठ। (पीएमए) 'भारत, सांप्रदायिक एकीकरण और भाईचारा का भूमिका' पर आज मेरठ के आईएनजी कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भारत की एकता गंगा जमुनी तहजीब और धार्मिक सहिष्णुता पर अपने विचार रखे।वक्ता अनुपमा जोशी ने कहा कि भारत जीवंत लोकतंत्र युक्त धर्मनिरपेक्ष देश है, जो धार्मिक आधार पर अपने नागरिकों के साथ भेदभाव नहीं करता है।

इसकी 'गंगा जमुनी तहजीब' ने हमेशा धार्मिक सहिष्णुता और सांप्रदायिक सद्भाव की दीवार के रूप में काम किया है। भारत का संविधान मुसलमानों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देने के अलावा अधिकारों और सुविधाओं की समानता की गारंटी देता है।प्रोफेसर डॉ रेशमा फातिमा ने कहा कि फरवरी, 2023 को कोझिकोड, केरल में स्टूडेंट्स फेडरेशन (स्स्न्न) के गोल्डन फिफ्टी कार्यक्रम में पोनमाला अब्दुल कादिर मुसलियार, समस्त केरल जमियतुल उलामा के सचिव और सुन्नियों के कंधापुरम गुट के नेता ने इस विषय पर प्रकाश डाला।उन्होंने सुन्नियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मुसलमानों ने धार्मिक और संगठनात्मक गतिविधियों में स्वतंत्रता का आनंद लिया है जो किसी अन्य मुस्लिम या अरब देश में अनुभव नहीं किया गया है।

डॉ. फातिमा ने कहा कि भारत में संगठनात्मक गतिविधियों में कोई बाधा नहीं थी, लेकिन सऊदी अरब, कुवैत या बहरीन जैसे देशों में ऐसी स्वतंत्रता प्रतिबंधित थी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सडिक्कली शिहाब थंगल, अध्यक्ष, मुस्लिम लीग ने भारत में मुसलमानों द्वारा अनुभव की गई धर्म की स्वतंत्रता के पीछे भारतीय संविधान की ताकत का उल्लेख किया।कार्यक्रम के दौरान, कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलिया(जिन्हें शेख अबु बकर अहमद के नाम से भी जाना जाता है।जामिया मिलिया के चांसलर, भारत के वर्तमान ग्रैंड मुफ्ती और ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलमा के महासचिव) ने युवाओं से देश में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए काम करने को कहा।

लोगों को देश की शांति और प्रगति के लिए धर्मनिरपेक्षता का समर्थन करने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि सुन्नी आदर्श, आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ थे, क्योंकि आतंकवाद और उग्रवाद किसी भी चीज का समाधान नहीं है ।

सके अलावा, केरल हज कमेटी अध्यक्ष सी मुहम्मद फैजी ने मुस्लिम समुदाय से आग्रह किया कि वे सरकार या किसी अन्य संगठन की आलोचना न करें।जिसके लिए समुदाय स्वयं जिम्मेदार है बल्कि जहां भी आवश्यक हो, खुद को सुधारें। भारत में मुसलमान धार्मिक स्वतंत्रता के उत्तराधिकारी हैं।

# जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

लखनऊ/गोरखपुर, 10 दिसंबर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था। कुछ लोग आज भी जाति के नाम पर समाज को बांटना चाहते हैं।अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जाति के जहर को समाज में घोलने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना पड़ेगा।इस जहर से किसी का हित नहीं होगा।उन्होंने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में जो भी व्यक्ति कार्य कर रहा है, उसे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार हो सकेगी।सीएम योगी ने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने का अड्डा न बनें, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनकर उभरें।

सीएम योगी ने यह बातें रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बांसगांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत आयोजित समारोह में कहीं।

### विपरीत परिस्थितियों से जूझने की थी बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रवृत्ति

उन्होंने कहा कि बाबू चतुर्भुज सिंह की विपरीत परिस्थितियों से जूझने की प्रवृत्ति थी।वह वरिष्ठ समाजसेवी थे। सुख-दुख में प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़े रहते थे।

वह सम और विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए जनहित से जुड़े हुए मुद्दे को प्रखरता के साथ आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहते थे। सीएम योगी ने कहा कि जिस कालखंड में सरकार का प्रोत्साहन कम था, उस समय बांसगांव क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना एक सपना था।

सीएम योगी ने कहा कि उस समय



जस्टिस केडी शाही के मार्गदर्शन में यहां पर बाबू चतुर्भुज सिंह ने इस कॉलेज की स्थापना के दायित्व को अपने कंधों पर लिया। देखते ही देखते यहां पर महाविद्यालय बना।

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों से निकले छात्र-छात्राओं में अपने भविष्य को लेकर भ्रम की स्थिति न हो।

उनके सामने पहले से निर्धारित लक्ष्य हो। इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों और अध्यापकों की है।उन्होंने कहा कि हर राह मंजिल तक जरूर पहुंचती है।मंजिल तक पहुंचने की राह दिखाने का माध्यम हमारे शिक्षण संस्थानों को बनना पड़ेगा।इसके लिए छात्र-छात्राओं को भी कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।

### दुर्बलता का कारण बनेगा शॉर्टकट का रास्ता

सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को नसीहत देते हुए कहा कि कभी भी जीवन में लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए शॉर्टकट का रास्ता मत अपनाना। शॉर्टकट का रास्ता दुर्बलता का कारण बनेगा।यह जीवन में स्थायित्व नहीं दे पाएगा।

उन्होंने कहा कि विकास ही लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकता है। विकास जब भी आता है तो तात्कालिक परेशानी तो होती है।

उदाहरणस्वरूप जब सड़क का निर्माण होता है तो अतिक्रमण हटाया जाता है।इससे कुछ समय के लिए कुछ लोगों को परेशानी होती है, लेकिन लंबे समय तक उसका लाभ समाज के प्रत्येक तबके को प्राप्त होता है।

### सीएम ने छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में सीएम योगी ने जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्मारिका का विमोचन भी किया।

साथ ही परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाकर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया।इस दौरान पूर्व कुलपति प्रोफेसर हरिकेश सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।